तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार, 8 सितंबर 2025




10 सरकार की योजनाओं से जुड़े और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं : मंत्री गजेन्द्र



## खबर संक्षेप

### चार डीजे वाहन और एक लाइट सेट जब्त



**भिलाई।** गणेश उत्सव के अवसर पर मानक से तेज आवाज में डीजे बजाने को लेकर दुर्ग पुलिस ने डीजे संचालकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 4 डीजे वाहन, 1 लाइट ट्रस्ट सेट जब्त किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि दुर्ग पुलिस ने गणेश उत्सव के पहले ही सभी डीजे संचालकों को बुलाकर उनकी एक बैठक ली थी। बैठक में उन्हें निर्देश दिए गए थे कि आगामी त्यौहारों एवं धार्मिक कार्यक्रमों उन्हें नियम और कानून का पालन करना है। पुलिस ने गणेश उत्सव के दौरान पाया कि कुछ डीजे संचालक नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। गणेश विसर्जन कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा वाहन में साउंड सेटअप लगाकर तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा है। इस पर पुलिस की टीम ने 4 डीजे संचालकों के खिलाफ और आम रास्त पर लाइट ट्रस्ट सेंट लगाकर आम रास्ता को बाधित करने पर लाइट ट्रस्ट सेट संचालक के खिलाफ जप्ती की कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने संबंधित गणेशोत्सव समिति के सदस्य के खिलाफ भी कोलाहल अधिनियम तथा धारा 285 बीएनएस के तहत कार्रवाई की है।

### दो प्रधान आरक्षक सहित 195 आरक्षकों का तबादला

**भिलाई।** एसएसपी विजय अग्रवाल ने दुर्ग जिले के थानों से पुराने चेहरों को बदलने का काम किया है। एक जम्बो सूची जारी करते हुए उन्होंने जिले के अलग-अलग थानों में पदस्थ दो प्रधान आरक्षक सहित 195 आरक्षकों का तबादला किया है। इसमें दो वाहन चालक आरक्षक भी शामिल हैं। सभी कर्मचारियों को तत्काल नवीन पदस्थापना वाली जगह में आमद देने का निर्देश दिया गया है। वहीं सभी को रवानगी देने एवं अवकाश में रहने की स्थिति में एकपक्षीय रवानगी देने का आदेश जारी किया गया है। एसएसपी विजय अग्रवाल ने जिन दो प्रधान आरक्षकों को इधर उधर किया है उसमें प्रधान आरक्षक नरेश ठाकुर को पुलिस लाइन से चौकी नगपुरा और देवानंद साहू को सुपेला थाना भेजा गया है। यह तबादला सूची लंबे समय के बाद जारी की गई है। एसएसपी विजय अग्रवाल के मुताबिक यह कदम कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए उठाया गया है। स्थानांतरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और आवश्यकता का विशेष ध्यान रखा गया है। स्थानांतरित किए गए सभी पुलिसकर्मी जल्द ही अपने नए कार्यस्थल पर योगदान देंगे।

### चाकू दिखाकर धमकाने वाले दो गिरफ्तार

**भिलाई।** सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने धारदार चाकू दिखाकर लोगों डराने धमकाने वाले दो अलग अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 7 सितंबर को थाना सिटी कोतवाली पुलिस को दबे पेट्रोल पंप के पास रोड में एक व्यक्ति धारदार चाकू लेकर लोगों को डराते हुए दिखा। पुलिस ने घेराबंदी करके उसे गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान आदित्य मिश्रा (25 साल) निवासी गायत्री मंदिर मिनी माता चौक पुलगांव के रूप में हुई है। इसी तरह जिला अस्पताल नल घर के पास से यासीन खान (26 साल) निवासी बास पारा वार्ड 28 दुर्ग तो चाकू लेकर लोगों डराते धमकाते गिरफ्तार किया गया है। दोनों को मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# तिमाही परीक्षा के प्रश्नपत्र इस बार ब्लॉक व जिला स्तर पर होंगे तैयार

**18 सितंबर से परीक्षा लेने की हिदायत, पहले स्कूल स्तर पर ही प्रश्नपत्र होते थे तैयार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सरकारी स्कूलों में तिमाही परीक्षा 18 सितंबर से ली जाएगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति स्कूलों में लागू होने की वजह से इस बार तिमाही परीक्षा के प्रश्नपत्र ब्लॉक व जिला स्तर पर तैयार होंगे। पहली से लेकर आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए ब्लॉक स्तर पर समग्र शिक्षा अभियान द्वारा प्रश्नपत्र तैयार करवाए जा रहे हैं। नवमी से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए जिला स्तर पर प्रश्नपत्र तैयार कर स्कूलों में भेजे जाएंगे। पहले स्कूल स्तर पर विद्यार्थियों की तिमाही परीक्षा ली जाती थी। यानी स्कूल में जो शिक्षक जिस विषय को पढ़ाता था उसी के द्वारा तिमाही परीक्षा के प्रश्नपत्र तैयार किए जाते। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों में टर्म एक्जाम इस बार लिया जाएगा।

### नवमी से बारहवीं के विद्यार्थियों को देंगे उत्तरपुस्तिका

अलग खबर

जिला शिक्षा विभाग द्वारा नवमी, दसवी, ग्याहरवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए प्रश्नपत्र छपवा कर स्कूलों में भेजे जाएंगे। विद्यार्थियों को उत्तरपुस्तिका भी विभाग द्वारा ही उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रश्नपत्र अलग से विद्यार्थियों को दिया जाएगा। प्रश्नों के उत्तर के लिए उत्तरपुस्तिका में लिखना है।



### पहली से आठवीं तक प्रश्नपत्र में ही उत्तर लिखेंगे

पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी, पांचवी, छठवी, सातवीं और आठवीं के विद्यार्थियों के स्कूलों में ब्लॉक स्तर से तैयार प्रश्नपत्र भेजे जाएंगे। इस बार प्रश्नपत्र के नीचे ही उत्तर लिखना है। पहले छठवीं से आठवी तक के विद्यार्थियों की तिमाही परीक्षा की अलग व्यवस्था थी। मसलन शिक्षक अपने विषय का सवाल ब्लैक बोर्ड में लिख देता था और विद्यार्थी कापी के पेज फाड़कर उत्तर लिख देते थे। पहली से पांचवी तक के बच्चों की परीक्षा ब्लैक बोर्ड में ही सवाल लिखते और उत्तर भी लिख देते। इस हिसाब से आंकलन शिक्षक कर लेता।

### सेजस में इस बार टर्म एक्जाम

जिले के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम विद्यालयों में टर्म एक्जाम शुरू हो रही है। फर्स्ट टर्म एक्जाम की तैयारी जिला शिक्षा विभाग द्वारा करवाया जा रहा है। इस परीक्षा के लिए अलग से टाइम टेबल जिला शिक्षा विभाग द्वारा जारी किया जाएगा। इस साल एनसीईआरटी के सब्जेक्ट शुरू होने की वजह से टर्म एक्जाम भी लेना अनिवार्य किया गया है। जिले में 40 सेजस स्कूल हैं। जहां के विद्यार्थियों को इसकी तैयारी करवाई जा रही है। इन स्कूलों के प्रश्नपत्र भी जिला स्तर पर विषय विशेषज्ञ शिक्षकों से तैयार करवाए जा रहे हैं।

### 18 से परीक्षा होगी आयोजित

18 सितंबर से तिमाही परीक्षा स्कूलों में प्रारंभ होना है। ब्लॉक व जिला स्तर पर हम प्रश्नपत्र तैयार करवा रहे हैं। पहले पहली से आठवीं तक के लिए स्कूल स्तर पर ही प्रश्नपत्र तैयार होते थे।

-अरविंद मिश्रा, डीईओ

## तांदुला व खरखरा और खपरी जलाशय में 100 प्रतिशत से ओवर जलभराव

# तीन जलाशयों में क्षमता से ज्यादा पानी, पिछले साल से पहले ही छलके, धमधा के किसानों के लिए छोड़ा पानी

**जिले में हो चुकी है अब तक 798.7 मिमी बारिश लेकिन धमधा में सबसे कम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

भारी बारिश से तीन जलाशयों में क्षमता से ज्यादा जलभराव हो गया है। जिससे ये जलाशय छलकने लगे हैं। पिछले साल की तुलना में इस बार पहले ही जलाशय भर गए हैं। तांदुला, खरखरा और खपरी जलाशय छलकने लगे हैं। पिछले साल ये जलाशय काफी दिन बाद पूरी तरह बारिश में भरे थे लेकिन इस बार अभी से जलभराव पूरा हो गया। इन जलाशयों के भर जाने से दुर्ग भिलाई के लोगों को पेयजल के लिए गर्मी में पानी की दिक्कत नहीं आएगी। वहीं किसानों को भी अब जलाशयों से धान की फसल पकने के दौरान पानी दिया जा सकता है। धमधा के किसानों के लिए तांदुला जलाशय से पानी भी छोड़ा गया है।

### जलाशय इस तरह छलक रहे

तांदुला जलाशय में 102 प्रतिशत जलभराव हो चुका है। इसलिए यह ओवर फ्लो हो रहा है। खरखरा जलाशय की भी यही स्थिति है। यहां 101.9 प्रतिशत जलभराव हो चुका है और यह भी छलक रहा है। खपरी जलाशय भी अपनी पूरी क्षमता में यानी 100 प्रतिशत जलभराव हो चुका है। पिछले साल 5 सितंबर की स्थिति में तांदुला जलाशय में 79.82 प्रतिशत ही जलभराव हो पाया था। खरखरा जलाशय में 72.02 प्रतिशत पानी भरा हुआ था। खपरी जलाशय में महज 65.12 प्रतिशत पानी भरा था।



### तांदुला जलाशय से धमधा व बेरला क्षेत्र के लिए 985 क्यूसेक छोड़ा पानी

तांदुला जलाशय से धमधा व बेरला क्षेत्र के किसानों के लिए पानी भी देना शुरू कर दिया गया है। धमधा क्षेत्र में कम बारिश होने की वजह से किसानों ने पानी की मांग की है। इस जलाशय से 985 क्यूसेक पानी दिया जा रहा है। धमधा क्षेत्र में महज 555 मिलीमीटर ही बारिश हो पाई है। जिसकी वजह से जिले में भारी बारिश होने के बाद भी यहां के खेत सूखे से हैं।

### जलाशयों के कैचमेंच एरिया में 1000 मिमी से ज्यादा बारिश

सिंचाई विभाग के अनुसार तांदुला के कैचमेंच एरिया में अब तक 1100 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है।वहीं मोटियामोती कैचमेंट एरिया में 1051 मिलीमीटर बारिश और खरखरा के कैचमेंट एरिया में 1010 मिलीमीटर तक वर्षा हो चुकी है। गोंदली जलाशय के कैचमेंट एरिया में सबसे ज्यादा 1268 मिलीमीटर बारिश हुई है। इस तरह चारो जलाशयों के कैचमेंट एरिया में 1000 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश हो चुकी है।

### जिले के असिचिंत क्षेत्रों में मिलेगा पानी

इस बार जिले के 1.42 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान की फसल ली गई है। इसमें असिचिंत एरिया भी 30 प्रतिशत शामिल है। इन क्षेत्रों में दुर्ग, पाटन और धमधा ब्लॉक भी आते हैं। इन ब्लॉकों के असिचिंत क्षेत्र वाले खेतों में अभी तो भरपूर पानी है लेकिन जैसे ही फसल पकने के कगार पर होता है उस समय पानी की किल्लत हो जाती है। इसलिए किसान जलाशयों से पानी छोड़ने की मांग करते है। उन दिनों अब किसानों को फसल के लिए पानी देने के लायक जलाशयों में जलभराव हो चुका है।

### जलाशय पिछले समय से पहले छलके

इस बार सभी जलाशय पिछले साल की अपेक्षा जल्दी भर गए और छलक गए हैं। इससे किसानों को और गर्मी में पेयजल के लिए दिक्कतें नहीं आएगी।

-सुरेश कुमार पांडेय,
ईई जल संसाधन विभाग

### अब तक हो चुकी जिले में 798.7 मिमी बारिश

जिले में एक जून से अब तक 798.7 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। पिछले साल 844.7 मिलीमीटर बारिश 5 सितंबर तक हो चुकी थी। हालांकि पिछले साल से अब तक की स्थिति में 5 मिलीमीटर की औसत बारिश कम है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 1088.1 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 555.8 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील बोरी में 668.6 मिमी, तहसील अहिवारा में 749.2 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 639.4 मिमी और तहसील दुर्ग में 756.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### बारिश और होगी

मानसून हालांकि बूढ़ा हो गया है लेकिन इस महीनेभर और बारिश होती रहेगी। मानसून की विदाई 15 से शुरू हो जाएगी।

-एचपी चंद्रा,
मौसम विज्ञानी लालपुर छग

**फास्ट फूड सेंटर में जमकर विवाद**

# सिलेंडर पटक कर की युवक की निर्मम हत्या



**भिलाईनगर।** दुर्ग स्थित कलेक्टोरेट के पीछे एक फास्ट फूड सेंटर में बैठे दो नशेड़ियों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक ने पास रखे गैस सिलेंडर को उठाकर दूसरे युवक के सिर में पटक दिया। इससे उसका सिर फट गया। खून से लतपथ युवक को अस्पताल पहुंचाने की जगह आरोपी ने उसके ऊपर उसी सिलेंडर को उठाकर तीन बार पकटका जिससे उसकी जगह पर ही मौत हो गई। सिटी कोतवाली मामले की जांच कर रही है। सिटी कोतवाली टीआई तपेश नेताम ने बताया कि घटना शनिवार रात करीब 9.45 बजे दुर्ग कलेक्टरेट परिसर के पीछे हुई है। मृतक की पहचान शंभू सागर और आरोपी भूपेन्द्र सागर के रूप में हुई है। दोनों नशे के आदी थे और आपस में बैठकर शराब पीते थे। इससे उनके बीच आए दिन विवाद होता रहता था। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि भूपेन्द्र ति,ी बाच तो सेतक पहले से शंभू रंजिश रखता था। घटना की रात दोनों फास्ट फूड के ठेले के पास बैठकर शराब पी। इसी दौरान दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि मामला हाथापाई में पहुंच गया। भूपेन्द्र इतने गुस्से में आ गया कि उसने ठेले के पास रखे गैस सिलेंडर को उठाया और शंभू के सिर पर तेजी से पकट दिया। इससे शंभू वहीं गिर गया। इसके बाद भूपेंद्र उसी सिलेंडर को उठाकर शंभू के सिर में तीन बार पटका, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शंभू को लहूलुहान हालत में जिला अस्पताल भेजा, वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को मरचुरी में रखवा दिया गया।

### पुलिस ने आरोपी को दौड़ाकर पीटा

हत्या के बाद भूपेंद्र वहीं एक छत में चढ़कर छिपा हुआ था। जब पुलिस की टीम वहां पहुंची और आरोपी ने उन्हें अपनी तरफ आता देखा तो वो वहां से भागने लगा। पुलिस ने उसे दौड़ाया और घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिया।

# केमिकल से भरे ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, दर्दनाक मौत

**भिलाई।** जामुल थाना अंतर्गत शंकर नगर क्रांति चौक में रविवार दोपहर एक केमिकल से भरे ट्रक ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बाइक चालक ट्रक के चक्के के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने ट्रैंकर को घेर लिया और चालक को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने टैंकर ड्राइवर को बचाया और थाने ले गई। इससे लोग आक्रोषित हो गए। इससे पहले की लोग मामले को तूल दे पाते जामुल थाना प्रभारी और अन्य अधिकारी बल के साथ पहुंचे। लोगों ने लोगों समझाईश दी और उसके बाद शव को उठाकर सुपेला स्थित मरचुरी भेजा।



सड़क दुर्घटना में मरने वाली की पहचान गौतम नगर खुर्सीपार निवासी जितेन्द्र कुमार (35 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि जितेंद्र रविवार दोपहर बाइक से शंकर नगर क्रांति चौक की तरफ गया था, जैसे ही वो वहां पहुंचा केमिकल से भरे टैंकर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में जितेन्द्र की मौके पर मौत हो गई।

# धारदार चाकू लेकर घूम रहे चार लोगों को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग अनुविभाग विशेष टीम और थाना मोहन नगर की टीम ने चाकू एवं धारदार हथियार लेकर घूमने वाले चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कार्रवाई की है। जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, उनके नाम अंकित यादव कैलाश नगर, बबला ठाकुर कैलाश नगर, चित्रांश वर्मा कैलाश नगर और अमित सिंह राजपुत कैलाश नगर दुर्ग हैं। एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देशन, एएसपी शहर सुखनंदन राठौर, सीएसपी दुर्ग हर्षित मेहर एवं टीआई थाना मोहन नगर



निरीक्षक केशवराम कोसले के कुशल मार्गदर्शन पर जिले में गणेश पुजा का त्यौहार ईद मिलादुन्नबी के मद्देनगर सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सघन पेट्रोलिंग एवं सतत निगरानी की जा रही थी। शिकायत मिलने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए संदेहियों को घेराबंदी कर पुलिस अभिरक्षा में लेकर तलाशी लेने पर धारदार वस्तु एवं चाकू रखना पाया गया।

# 12 साल के बच्चे की डूबने से मौत

**भिलाई।** जामुल थाना अंतर्गत रविवार की सुबह मुरुम खदान में डूबने से एक 12 साल के बच्चे की मौत हो गई। वार्ड 18 शिवपुरी जामुल निवासी उमंग साहू रविवार सुबह 11 बजे अपने दो दोस्तों के साथ मुरुम खदान नहाने गया था। नहाने के लिए जैसे ही वो पानी में उतरा गहराई में चला गया और डूब गया।


**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301


**पुलिस में शिकायत, दूसरे पक्ष ने कहा टैक्स चोरी व फर्जी रजिस्ट्री का मामला**

# जमीन पर कब्जा करने को लेकर दो पक्षों में विवाद, हुई थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई पावर हाउस निवासी देवेंद्र उर्फ हैप्पी सिब्बल के खिलाफ दूसरे की जमीन में बाउंड्रीवाल तोड़कर जबरदस्ती कब्जा करने और वहां से लोहे का गेट और सीढ़ी उखाड़कर ले जाने का आरोप लगा है। सुपेला पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सुपेला थाने में मामले की शिकायत शारदा टाकीज इंदिरा मार्केट दुर्ग निवासी अंजय सुराना ने की है। उन्होंने पहले शुक्रवार शाम को सुपेला पुलिस को मौखिक सूचना दी कि उनके दो प्लॉट सुपेला थाना अंतर्गत कृष्णा नगर भिलाई में स्थित हैं। उन प्लॉट को उन्होंने 21 साल पहले मिक्की सिब्बल से खरीदा था। 21 साल बाद उनका छोड़ा भाई देवेंद्र सिब्बल उर्फ हैप्पी कई गाड़ी में लोगों को भरकर शुक्रवार शाम पहुंचा। उसने प्लॉट में की गई बाउंड्रीवाल को तोड़ा और गेट को उखाड़कर गाड़ी में लोड कर लिया। इसके बाद उसने प्लॉट के अंदर रखी लोहे की सीढ़ियों को भी अपनी गाड़ी में लोड किया। इसके बाद जमीन में चूना मार्किंग करके पिलर गाड़ने लगा।



### भाई से 21 साल पहले खरीदा था प्लॉट

अंजय सुराना ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 21 साल पहले उन्होंने मिक्की सिब्बल से दोनों प्लॉट का सौदा किया और रुपए देकर पहले पॉवर लिया उसके बाद साल 2008 में रजिस्ट्री भी करा ली थी। इस बीच मिक्की की मौत होने के बाद अब देवेंद्र उस जमीन पर अपना दावा कर रहा है।

जैसे ही इसकी जानकारी अंजय सुराना को हुई वो लोग वहां पहुंचे और हैप्पी को मना करने लगे। इस पर वो झगड़ा और गाली गलौज करने लगा। इसके बाद अंजय ने सुपेला थाने में मामले की शिकायत की। शनिवार को अंजय सुराना ने हैप्पी के खिलाफ सुपेला थाने में लिखित शिकायत की है। भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी का कहना है कि मामला जमीन विवाद का है। इसमें निगम और राजस्व विभाग जांच करेगा।

### सुराना ने की टैक्स की चोरी

देवेंद्र सिब्बल ने कहा कि अंजय सुराना ने फर्जी दस्तखत कर जमीन की रजिस्ट्री कराई और टैक्स की बड़ी चोरी की है। कलेक्टर ने उनकी रजिस्ट्ररी को अवैध बताया है। इसकी शिकायत पहले भी की जा चुकी है। सुराना के खिलाफ ठगी का मामला भी दर्ज हुआ है। मैं विदेश में रहता हूं। मेरे खिलाफ जो भी शिकायत की गई है वो गलत है। मामले की जांच कर कार्रवाई होनी चाहिए।


इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

100% CAMPUS PLACEMENT

**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

**पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग**
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

**जी.एन.एम. नर्सिंग**
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण



TEAM CREATIVE

**रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

**खबर संक्षेप**

## शांताराम सराफ को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**जामगांव आर।** छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्वयंसेवक के प्रथम प्रांत प्रचारक शांताराम सराफ के अवसान पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में एक श्रद्धांजलि सभा रखी गई। इसके पूर्व स्व. सराफ के अंतिम संस्कार में विद्यालय समिति के अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, व्यवस्थापक एके जैन, कोषाध्यक्ष बसंत शिंदे और सदस्य गुलाब साहू ने मदकुदीप पंहुच कर उन्हें अंतिम विदाई दी। अपनी श्रद्धांजलि देते हुए समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने कहा कि विद्यालय को विगत 34 वर्षों से उनका सान्निध्य और आशीर्वाद मिलता रहा। व्यवस्थापक एके जैन ने कहा कि भैया जी सरल थे जो इस दुनिया का सबसे कठिन कार्य है। प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि संघ के वरिष्ठ प्रचारक शांताराम सराफ हम सब के आदर्श थे है और रहेंगे।

### छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के विशाल अभिनंदन समारोह में शामिल हुए शिक्षा मंत्री

# सरकार की योजनाओं से जुड़े और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं : मंत्री गजेन्द्र

**मंत्री को विशेष पारंपरिक वेशभूषा पहनाई गई और उनके हाथ में सजी हुई लाठी भी भेंट की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव रविवार को रिसाली दशहरा मैदान भिलाई में आयोजित छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के विशाल अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। मंत्री श्री यादव के पहुंचने पर समाज की पारंपरिक टोली ने नाचते-गाते हुए उनका जोरदार स्वागत किया। समारोह में मंत्री को विशेष पारंपरिक वेशभूषा पहनाई गई और उनके हाथ में सजी हुई लाठी भी भेंट की गई, जो यादव समाज की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है।

मंत्री यादव को विभिन्न जिलों से आए यादव समाज के गणमान्य लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया। स्कूल शिक्षा मंत्री यादव ने कहा कि समाज की एक बड़ी आबादी आज भी आर्थिक रूप से कमजोर है, जिसे आगे लाना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। इन योजनाओं का लाभ लेकर यादव समाज के लोग आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकते हैं और समाज को एक नई दिशा दे सकते हैं।





### बच्चों को करें शिक्षित

मंत्री यादव ने समाज के लोगों से आग्रह किया कि वे सरकार की योजनाओं से जुड़ें और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। यदि परिवारों को समृद्ध बनाना है, तो बच्चों को अच्छी शिक्षा देना और उन्हें जागरूक बनाना आवश्यक है। उन्होंने यादव समाज के लोगों से अपील की कि वे अपने बच्चों को शिक्षित करें और सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इससे न केवल परिवार का विकास होगा, बल्कि पूरे समाज का उत्थान भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस अवसर पर मंत्री श्री यादव ने समाज के लिए विभिन्न स्थलों पर चार सामुदायिक भवनों के निर्माण हेतु प्रत्येक को 20-20 लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने 5 लाख रुपये की स्वेच्छानुदान राशि देने की भी घोषणा की।

### महिला छात्रावास के लिए 30 लाख की घोषणा



दुर्ग स्थित पचरीपारा में कोसरिया यादव समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में भी शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होंने यादव महिला छात्रावास के निर्माण के लिए 30 लाख रुपये देने की घोषणा की, जिससे समाज की छात्राओं को आवासीय सुविधा प्राप्त हो सकेगी। इसके साथ ही उन्होंने पाटन सरपंच की मांग पर शासकीय प्राथमिक शाला परेवाडीह में संचालित विद्यालय के जीर्णोद्धार की भी घोषणा की, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, झेरिया यादव समाज प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव, प्रदेश संरक्षक जगतराम यादव व सुकालु राम यद्गु, प्रदेश उपाध्यक्ष झेरिया यादव समाज भगत सिंह यादव, रिसाली पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेन्डे, प्रदेश सचिव सुंदर लाल यादव सहित यादव समाज के जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# टीचर्स एसोसिएशन ने रखी 11 सूत्रीय मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ शिक्षा मंत्री गजेंद्र को सौंपा मांग पत्र

छत्तीसगढ़ के शिक्षकों की वर्षों से लंबित समस्याओं और उनकी पीड़ा को सामने रखते हुए छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है। संघ ने स्पष्ट कहा है कि शिक्षक समाज प्रदेश की रीढ़ है, लेकिन आज वही रीढ़ असुरक्षा और उपेक्षा के दर्द से गुजर रही है।

ज्ञापन में कहा है कि कि वर्ष 2018 और 2028 से पूर्व भर्ती शिक्षकों का नियमितीकरण अब तक नहीं हुआ है। सेवा में वर्षों गुजार चुके शिक्षक आज भी अस्थायी की तरह काम कर रहे हैं, जो उनके आत्मसम्मान और भविष्य दोनों के साथ अन्याय है। साथ ही, 20 वर्ष सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों को समयमान वेतनमान और एसीपी का लाभ नहीं मिलना उनकी मेहनत और समर्पण के साथ नाइंसाफी है।

### न्यायालयीन आदेश के बाद भी क्रियान्वयन नहीं

संघ ने कहा कि न्यायालय द्वारा कई अवसरों पर शिक्षकों के पक्ष में आदेश दिए जाने के बावजूद शासन स्तर पर उनका क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। न्यायालयीन आदेशों की अनदेखी से शिक्षकों में गहरी नाराजगी और अविश्वास का भाव है। संघ ने मांग की है कि रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति दी जाए, प्रयोगशाला, पीटी, कला, संगीत और अन्य विषयों के शिक्षकों की भर्ती सुनिश्चित की जाए, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। इसके अलावा जेड वर्ग के शिक्षकों को भी न्यायालयीन आदेशानुसार सेवा लाभ दिए जाएं।

### शिक्षकों का हो उचित समायोजन

ज्ञापन में कहा गया है कि विद्यालयों में अतिरिक्त कार्यरत शिक्षकों का उचित समायोजन किया जाए और शिक्षकों के जीपीएफ जमा राशि, एचआर से जुड़े प्रावधान एवं अन्य वित्तीय लाभ समय पर उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि शनिवार को विद्यालयों का संचालन केवल सुबह तक रखा जाए, ताकि शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों को राहत मिल सके और शिक्षा की गुणवत्ता पर भी सकारात्मक असर पड़े।

### शिक्षकों की वेदना

संघ का कहना है कि शिक्षक वह वर्ग है, जो समाज की नींव तैयार करता है। लेकिन आज वही वर्ग अपमान, असुरक्षा और अव्यवस्था का सामना कर रहा है। 15-20 साल तक सेवा देने के बाद भी जब शिक्षक अस्थायी कहलाते हैं तो यह स्थिति केवल उनके लिए ही नहीं बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। संघ ने शासन से इन मांगों पर सकारात्मक पहल हेतु आवश्यक निर्णय का आग्रह किया। ज्ञापन कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, बसंत चतुर्वेदी,देवनाथ साहू,मनोज सनाढ्य,शैलेन्द्र यद्गु,योगेश ठाकुर,बाबूलाल लाड़े,जिलाध्यक्ष द्वय शत्रुहन साहू,गोपी वर्मा,संतोष सिंह, डॉ.भूषण चंद्राकर,दिलीप साहू, ,संजय राजपूत,जयंत यादव,सरस्वती गिरिया, टामीन वर्मा,किशन देशमुख,महेश चंद्राकर,राजेश चंद्राकर,मंशा राम लहरें,रोहित देशमुख,चंद्रहाश,शरद शुक्ला, हंस मेश्राम,राजेश साहू,देवेंद्र साहू,मनोज वर्मा,आशुतोष तिवारी, महेश उइके,किसन देशमुख,माधव साहू सहित संगठन के जिला,ब्लॉक के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान : विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



दुर्ग जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक दुर्ग में अग्रवाल समाज दुर्ग एवं अग्रवाल यूथ क्लब द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने हिस्सा लिया। इस दौरान 50 यूनिट से अधिक रक्तदान किया गया। विधायक चंद्राकर ने सभी रक्तदाताओं को नमन कर उनका धन्यवाद किया और कहा कि रक्तदान जैसे निस्वार्थ कार्य से समाज को बहुत बड़ा लाभ होता है। रक्त दान जीवन का सबसे बड़ा दान है विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि रक्तदान शिविर जैसे आयोजनों से न केवल रक्त की कमी को पूरा करने में मदद मिलती है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना भी बढ़ाने के साथ ही यह जीवन बचाने में भी मदत करती हैं । ऐसे आयोजनों में सम्मिलित होना और समाज के लिए योगदान देना एक सराहनीय कार्य है। चंद्राकर ने कहा हमें रक्त दान के महत्व को समझना चाहिए और अन्य लोगों को भी रक्त दान के लिए प्रेरित करना चाहिए। अग्रवाल समाज दुर्ग एवं अग्रवाल यूथ क्लब के इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल, अनूप, ललित सक्सेरिया, मुकेश सिंघानिया , रूपेश बंसल , निशांत अग्रवाल , मयंक अग्रवाल , सीएमएचओ डॉ. मनोज डॉ. जेपी मेश्राम, धीरज राव आदि मौजूद थे।

**राज्य स्तरीय शालेय भारोत्तोलन फेंसिंग स्पर्धा का समापन**

# शरीर के मानसिक, बौद्धिक विकास के लिए खेल श्रेष्ठ माध्यम है : गजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



■ पांच जोन के 435 बच्चे प्रतियोगिता में शामिल हुए

25वीं शालेय राज्य भारोत्तोलन और फेंसिंग प्रतियोगिता का समापन समारोह स्वामी आत्मानंद सभा हाल परिसर पाटन जिला दुर्ग में मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव की मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर प्रतिभागी बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

स्कूल शिक्षा मंत्री यादव ने कहा कि खेल जीवन में बहुत जरूरी है। विशेषकर आज के दौर में तो बहुत जरूरी है खेल स्पर्धा। हमारे शरीर के मानसिक, बौद्धिक विकास के लिए खेल श्रेष्ठ माध्यम है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी ने खेलो इंडिया अभियान चलाया है। खेल प्रतियोगिता होता है तो स्वाभाविक रूप से कंपीटिशन का भाव आता है और जीतने की ललक बनी रहती है। उन्होंने प्रतियोगिता के विजेता सहित प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने ने कहा कि एक चींटी से भी हमें प्रेरणा लेनी चाहिए जो कि अपने क्षमता से अधिक भार का वहन करती हैं। उन्होंने नारायणपुर जिले के मलखम खेल के संबंध में भी अवगत कराते हुए कहा कि दुर्ग जिला के कोच नारायणपुर जाएंगे और सीखकर आयेंगे जिससे कि हमारे यहां के बच्चे भी मलखम में नाम रोशन करें। पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक दक्षता में भी बच्चों के लिए आवश्यक है। संयुक्त संचालक हेमंत उपाध्याय ने स्वागत और आयोजन का प्रतिवेदन पठन किया। कार्यक्रम का संचालन मोहित शर्मा ने किया। कार्यक्रम के दौरान विजेता प्रतिभागियों को कैबिनेट मंत्री यादव ने सम्मानित किया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक, नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, जिला पंचायत सभापति नीलम चंद्राकर, कल्पना साहू, निशा सोनी, रागिनी बंछोर, राजेश चंद्राकर, लोकमणी चंद्राकर, लालेश्वर साहू, खेमलाल साहू, जनपद उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, सरपंच अध्यक्ष विनय चंद्राकर, केवल देवांगन, नेहा बाबा वर्मा, एसडीएम लवकेश ध्रुव, राजू साहू, डोनेश्वर साहू, नारद साहू उपस्थित रहे।

**सेवा पखवाड़ा जिला भाजपा ने आयोजित किया कार्यशाला**

# सेवा सप्ताह में हर कार्यकर्ता दे योगदान : चुन्नीलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा के रूप में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 15 दिवसीय अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। जिसके निमित्त सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के अध्यक्षता में संपन्न हुई। आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद महासमुंद उपस्थित रहे। उनके साथ सह वक्ता भाजपा प्रदेश मंत्री संध्या परघनिया, भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ,विधायक ललित चंद्राकर, जितेंद्र साहू तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष, महापौर अल्का बाघमार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य उषा टावरी, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीतपाल बेलचंदन, कुम्हारी नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, अमलेश्वर नगर पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर, धमधा नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता अग्रवाल, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम जिला संयोजक शिवेंद्र परिहार उपस्थित रहे।




### मां भारती की सेवा के साथ जन सेवा भाजपा की प्राथमिकता

महासमुंद के पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू ने कहा कि हम सब के लिए अत्यंत हर्ष का विषय की देश के सर्वांगीण विकास एवं निरंतर ऊंचाइयों पर ले जाने वाले मां भारती के वैभव को परम शिखर की ओर ले जाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस 17 सितंबर को है । प्रधानमंत्री मोदी अपने संबोधन में कहते हैं कि पार्टी विद डिफरेंट भारतीय जनता पार्टी अन्य पार्टियों से बिल्कुल अलग है। किसी भी कार्यक्रम की संपादन उस कार्य लगे हुए कार्यकर्ताओं के आपसी तालमेल संवाद के कारण ही सब प्रतिशत सफल हो सकता है मैं आप सभी से आग्रह करता हूं की सेवा पखवाड़ा में जो भी कार्य आप सभी को बताया गया है उसे आप पूर्ण करें पूर्व में भी आप सभी ने सारे कार्यक्रम संगठात्मक ढंग से और निर्धारित समय अवधि पर पूर्ण किए हैं।

### सेवाभाव के कार्य करें कार्यकर्ता

भाजपा प्रदेश मंत्री संध्या परघनिया ने हुए कहा कि होडिंगस और फिजूल खर्च ना करें उसकी जगह सेवा भाव का कार्य आप सभी करें। सेवा पखवाड़े में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है जिसमें एक पेड़ मां के नाम उस कार्यक्रम में जितने भी लोग उपस्थित होंगे। सभी के सभी अपने हाथों से पेड़ अवश्य लगाएंगे और उसे बड़ा होते तक देखा करेंगे।

### 17 मंडल से लेकर बूथ स्तर पर दायित्व

भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सेवा पखवाड़ा की कार्यशाला संपन्न होने जा रही है सेवा पखवाड़ा पहली बार नहीं हो रहा है। 2025 का सेवा पखवाड़ा है 17 सितंबर से 2 अक्टूबर या कार्यक्रम चलेगा। जिले में 17 मंडल और 807 बुथ है कार्यक्रम की संपादन की दृष्टिकोण से मंडलवार कार्यशाला का आयोजन भी आप सभी को करना है उसके पश्चात कार्यक्रम बुथ स्तर तक संपादित हो उसके लिए शक्ति केंद्र के संयोजक एवं सहसंयोजक को उसका दायित्व उन्हे देना है ।

### ये हुए शामिल

कार्यक्रम में जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये, दिलीप साहू, विनायक नातू, कांतिलाल जैन, मंत्री रोहित साहू, आशीष निमजे, दीपक चोपड़ा, मनोज सोनी अनूप सोनी दिनेश देवांगन राजा महोबिया जितेंद्र सिंह राजपूत रजनीश श्रीवास्तव विनय महोबिया वरिष्ठ भाजपा नेता अजय तिवारी दिव्या कलिहारी साजन जोसेफ चंद्रकांत मंडले मंडल भाजपा अध्यक्ष महिंद्रा लोढ़ा कमलेश फेकर मनमोहन शर्मा कमलेश साहू कमलेश चंद्राकर रानी बंछोर धर्मेंद्र सिन्हा आदि उपस्थित रहे।






## खबर संक्षेप



### वैदिक प्रश्न मंच में शामिल हुए विद्यार्थी

**जामगांव आर।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा विभाग स्तरीय वैदिक प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर कुम्हारी में किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर की तीन छात्राओं कुमकुम साहू, दिव्या और तन्नू के समूह ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान का सम्मान प्राप्त किए। इस दौरान प्राचार्य पीएल बारले एवं संरक्षक शिक्षिका दीपिका साहू ने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में विद्यार्थियो को पढ़ाई के साथ सर्वांगीण विकास के लिए सभी प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जाता है।

## निधन

### कांति देवी गजपाल

**उतई।** ग्राम करगाडीह निवासी कांति देवी गजपाल उम्र 55 वर्ष का



आकस्मिक निधन 6 सितंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे करगाडीह साहू समाज के ग्रामीण अध्यक्ष किशोर कुमार गजपाल की पत्नी और कृषि विस्तार अधिकारी धर्मेश साहू, देवेश साहू व भूपेंद्र साहू की मां थीं।

### पुहुप सिंह सुधाकर

**निकुम।** ग्राम निकुम भाटापारा



निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक पुहुप सिंह सुधाकर 85 वर्ष का निधन 7 सितंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम निकुम में किया गया। वे तुलसी सुधाकर व शिक्षक दुष्यंत सुधाकर के पिता थे।

## अभिनंदन : मंत्री बनने के बाद पहला पाटन प्रवास

# गजेंद्र बोले- यहां विधायक भाजपा का नहीं फिर भी सबके साथ मिलकर करेंगे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

शिक्षा मंत्री बनने के बाद गजेन्द्र यादव का प्रथम बार पाटन आगमन पर नगर पंचायत व पाटन विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों के कार्यकर्ताओं ने विश्राम गृह में जोरदार स्वागत किया। अपने संबोधन में श्री यादव ने कहा कि भले ही पाटन में भाजपा का विधायक नहीं है, लेकिन मुख्यमंत्री ने उन्हें पूरे दुर्ग जिले की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पाटन क्षेत्र की किसी भी समस्या को लेकर कार्यकर्ता और नागरिक निसंकोच उनसे संपर्क करें, सरकार सबके साथ मिलकर काम करेगी। साथ ही, उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से भाजपा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की अपील की।

इसके पश्चात श्री यादव ने ऑडिटोरियम में आयोजित प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकार, जिला पंचायत सदस्य ललिता चन्द्राकार, जनपद अध्यक्ष कीर्ती नायक, उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर, नगर पंचायत अध्यक्ष निक्की भाले, उपाध्यक्ष निशा सोनी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी उपस्थित थे।

पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, लोकमणी चन्द्राकार, लालेश्वर साहू, ज्योति प्रकाश साहू, राजा पाठक, दिनेश मिश्रा, गंगादीन साहू, धनराज साहू, निर्मल जैन, हरीशंकर साहू तथा भाजपा जनपद सदस्य और राजू साहू समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में भागीदारी की सागर सोनी मिलना देवांगन विजय कांत बंछोर हर्ष भाले राज देवांगन दिलीप साहू पाटन में मंत्री यादव के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को भी मिला।

### पाटन पहुंचने पर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का भव्य स्वागत



### सेलूद पहुंचने पर गजेन्द्र का भव्य स्वागत



**सेलूद।** राज्य सरकार में मंत्री बनने के बाद पहली बार सेलूद पहुंचने पर गजेंद्र यादव शिक्षा मंत्री का फूलमाला और पटाखे से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष दिलीप साहू, जिला महिला मोर्चा के अध्यक्ष दिव्या कलिहारी, जिला भाजपा उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा के हर प्रसाद आडिल, मंडल महामंत्री कृष्ण कुमार साहू, भोजराम यादव,लक्ष्मण यादव, शत्रुघन यादव , ओमप्रकाश यादव, महेंद्र यादव, रुखमज यादव, टीकाराम यादव, तेजराम यादव, भानुमति तिवारी बालकिशोर, झूकू पटेल, डोमार यादव, सुरेन्द्र पटेल, छत्रपाल राजपूत, सोनू राय, परमेश्वर मार्कण्डेय, दिव्या यादव, खिलेश्वरी पटेल और टीकाराम देवांगन सहित अन्य लोगों ने गजेंद्र यादव का भव्य स्वागत किया।

### स्कूल शिक्षा मंत्री से मिला फेडरेशन का प्रतिनिधि मंडल

**सेलूद।** छत्तीसगढ़ सहायक/ समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल ने पाटन रेस्ट हॉउस में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात की। फेडरेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, जिला अध्यक्ष बालोद देवेंद्र हरमुख, ब्लॉक अध्यक्ष पाटन चेतन सिंह परिहार के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने इस दौरान युक्तियुक्तकरण,सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति, पूर्व सेवा गणना करते हुए क्रमोन्नत वेतनमान, शनिवार को प्रातः कालीन स्कूल लगाने का आदेश शीघ्र जारी करने के विषय पर सकारात्मक चर्चा की। मंत्री यादव ने समस्त मांगो पर अति शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से पाटन ब्लॉक उपाध्यक्ष राजकुमार बघेल,अभिषेक वर्मा,खिलेश वर्मा, टेकेश्वर प्रसाद यदु, चन्द्रशेखर साहू,अंकेश महिपाल,देवनारायण बघेल,चंद्रप्रकाश ध्रुव,खेलावन कुर्रे और यादराम साहू आदि उपस्थित थे।



## कोसरिया यादव समाज के भूमि पूजन व तीज मिलन में जुटे लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

कोसरिया यादव समाज सर्किल खाड़ा में भूमि पूजन तथा तीज मिलन कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें मुख्य अतिथि गजेन्द्र यादव केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं प्रीत पाल बेलचंदन, ग्राम पंचायत आमटी की सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी, उप-सरपंच साहु, सर्किल खाड़ा के अध्यक्ष गुमेंद्र कुमार यादव, उपाध्यक्ष भोज राम यादव, सचिव भरत यादव, सलाहकार भगत राम यादव , महामंत्री प्रहलाद यादव, महामंत्री उमेंद यादव,बली राम यादव, दुर्जन यादव, नंद कुमार यादव, बिरेंद्र यादव, नेमीचंद, श्याम सुंदर यादव, हेमंत यादव,राजू यादव, टीकाराम यादव, नंद कुमार यादव, हेमचंद यादव, युवा अध्यक्ष श्री युवराज यादव, महिला अध्यक्ष श्री मती टीकेशवरी यादव, उपाध्यक्ष श्रीमती निर्मला यादव, समस्त सर्किल पंच गण, समस्त यादव बंधु तथा महिला संगठन उपस्थित रहे।य ह कार्यक्रम यादव समाज को संगठित करने के उद्देश्य से हर वर्ष किया जाता है। यह जानकारी सर्किल अध्यक्ष श्री गुमेंद्र कुमार यादव ने दी।

■ केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे

## जेवरा सिरसा में शिक्षकों का किया सम्मान

**ननकट्ठी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जेवरा सिरसा में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ बनाया गया। सर्वप्रथम शाला के प्रधान पाठक संध्या सेंगर ने मां सरस्वती एवं सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के तैलीय चित्र में फूल माला, गुलाल, एवं दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती वंदन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए । इस अवसर पर सीएसी आनंद तिवारी, राम बाई डहरिया , फ्लोरा लकड़ा, सरिता सोनी, नीलम शांडिल्य, स्टाफ,ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



## शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान

**ननकटठी।** राजपूत समाज उपसमिति दुर्ग की ओर से जवाहर नगर के सोसायटी कार्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।



सर्वप्रथम डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के तैल चित्र में तिलक व माला अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस समारोह में अर्चना राजपूत, निलिमा राजपूत, श्रीमती श्वेता राजपूत, अर्चना राजपूत ननकटठी, सुकृता राजपूत ,सिद्धार्थ सिंह भुवाल,आशा नागर दुर्ग का सम्मान शाल ,श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दुर्ग उत्तर उप समिति के अध्यक्ष हरनारायण सिंह, सचिव रोशन सिंह ,महेश सिंह भुवाल, देवी सिंह राजपूत,भूपेंद्र सिंह ,अजय सिंह ,मलखान सिंह ,अर्जुन सिंह ,मोहन सिंह आदि उपस्थित थे।

## संस्कृत शिक्षण पर बड़ी योजना बना रही राज्य सरकार : साय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

छत्तीसगढ़ प्राच्य संस्कृत शिक्षक संघ के अध्यक्ष महेश्वर यादव ने राज्य मैं चल रही संस्कृत विद्यालय को लेकर संस्कृत शिक्षा के संवर्धन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। डॉ जगदीश पाठक ग्राम सामरबार जशपुर के दिशा निर्देश पर पहुंचे श्री यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री साय से संस्कृत विद्या मण्डलम्‌ अध्यक्ष की नियुक्ति एवं योजनाओं सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान श्री साय ने कहा,संस्कृत शिक्षा राज्य के विकास का आधार है । सभी शासकीय योजना का पूरा लाभ मिलेगा। संस्कृत शिक्षण पर एक बड़ी योजना बनाई जा रही है, जिसमें विद्यालयों की संख्या और बढ़ेगी।

## विसर्जन...



**जामगांव आर।** धूमधाम से गणेश उत्सव मनाने के बाद जामगांव आर में विसर्जन यात्रा निकाली गई। जिसमें युवाओं ने भक्ति गाना की थीम पर नृत्य करते हुए नगर की गलियों में भ्रमण किया।


## बिजनेस साइट

### पलक गोस्वामी ने किया कमाल, एनईईटी परीक्षा उत्तीर्ण

**भिलाई।** मां सारदा पब्लिक स्कूल की छात्रा पलक गोस्वामी ने एनईईटी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है। उन्होंने 97.93 परसेंटाइल हासिल करते हुए कुल 720 में से 520 अंक प्राप्त किए। विशेष बात यह है कि पलक ने बिना किसी कोचिंग क्लास के केवल स्वअध्ययन और आत्मप्रेरणा से यह सफलता प्राप्त की। इस उपलब्धि का श्रेय वह अपनी माँ को भी देती हैं, जिनकी प्रेरणा से वह निरंतर आगे बढ़ती रहीं। पलक का कहना है कि उन्होंने केवल एनसीईआरटी की पुस्तकों से ही पढ़ाई की। विद्यालय परिसर में पवन कुमार शर्मा ने पलक को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई दी तथा उनकी माँ का भी आभार व्यक्त किया। पलक गोस्वामी को अब सरकारी मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर में प्रवेश प्राप्त हुआ है।



### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद

**भिलाई।** ओम ज्वेलर्स के संचालक ने तीज पर्व एवं गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दी है। शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।





## शैलदेवी महाविद्यालय में तीज मिलन समारोह का किया आयोजन

**भिलाई/अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में तीज मिलन समारोह का उत्सवपूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के आसपास के ग्रामों की सभी महिला सरपंचो को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। जिसमें क्रमश गीता गजपाल ग्राम कुथरेल, दुर्गा चौधरी ग्राम आमटी, नेमिन खुटेल ग्राम भोथली, सुधा चंद्राकर ग्राम खप्परवाड़ा, भारती देवांगन ग्राम सिर्री, पूजा चंद्राकर ग्राम चिरपोटी, नमिता साहू ग्राम खुटेरी, गीता कमलेश ठाकुर जंजगिरी, दमयन्तिन मार्कण्डेय ग्राम कचान्दूर, रंजना पवार ग्राम भरदाखुर्द और झन्ना दिल्लीवार ग्राम अछोटी ने तीज पर्व से जुड़े अपने अनुभव साझा किए और समाज में महिला नेतृत्व की महत्ता पर प्रकाश डाला। शैलदेवी महाविद्यालय एवं शैलदेवी आई.टी.आई. की सभी शिक्षिकाओं, महिला कर्मचरियों एवं छात्राओं ने पारंपरिक लोकगीत, नृत्य और खेल प्रतियोगिताओं की प्रस्तुतियों से वातावरण को उल्लासमय बना दिया।



## खेलकूद व संस्कृति महोत्सव में जुटे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

संकुल स्तरीय खेल-कूद एव संस्कृति महोत्सव सरस्वती शिशु मंदिर अम्लेश्वरडीह में आयोजित की गई। जिसमे ध्रुव वर्ग, प्रह्लाद वर्ग और बालवर्ग के बच्चों ने उत्साहपूर्ण भाग लिया । उद्घाटन सत्र मे ओमप्रकाश साहू उपाध्यक्ष नगर पालिका अमलेश्वर, पंकज साहू अध्यक्ष , मुंकुद साहू सदस्य, भवानी साहू, संकुल प्रमुख चेलाराम साहू, खेल प्रमुख देवनारायण साहू, हेमलता साहू प्रधानाचार्य, एव तरीघाट, बठेना, पाटन, उतई, सेलूद, मंचादूर, पाहदा, अमलेश्वर डीह विद्यालय से 250 बच्चे और संरक्षक आचार्य उपस्थित हुए। समापन सत्र मे जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा, जिला समन्वयक शत्रुहन देवागन ने बच्चो को पुरूस्कार दिए। सरस्वती शिशु मंदिर तरीघाट के 34 बच्चों में 31 विजेता रहे। विजेता ये बच्चे अब आगे जिला, प्रांत, क्षेत्र स्तर पर भाग लेगे। प्राचार्य ने सभी को अग्रिम शुभकामनाएं दी है।



## खारून तट पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

**कुम्हारी ।** श्रद्धा और भक्ति भाव पूर्वक पूजा अर्चना के दस दिन हर्षोल्लास से पूर्ण करने के पश्चात ₹गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ₹ के जयघोष के साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा खारुन तट पर गणेश विसर्जन प्रारम्भ हो गया। कुम्हारी नगर और समीपस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से भी प्रतिमा खारून नदी तट पर लाई जा रही है । श्रद्धालुओं की असुविधा तथा दुर्घटना से सुरक्षित विसर्जन सम्पन्न कराने के लिए पालिका प्रशासन कुम्हारी द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था करते हुए विसर्जन स्थल एवं आसपास स्वच्छता को विशेष महत्व दिया गया है । पर्यावरण सुरक्षा मंडल एवं एन जी टी के दिशा निर्देशों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित स्थान पर अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा तत्परता से गणेश प्रतिमा विसर्जित कराई जा रही है । विसर्जन स्थल पर एस डी आर एफ के जवान सजग हैं। ज्ञात हो कि विसर्जन हेतु कुम्हारी पालिका द्वारा 6 सितंबर से 8 सितम्बर यानि तीन दिनों तक किया जाना निर्धारित है। नगर पालिकाध्यक्षा मीना वर्मा ने स्थल निरीक्षण किया।



## गांव-गांव में भक्ति का माहौल, तालाबों में कर रहे विसर्जन

# पूजा-अर्चना कर गणपति प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अंचल के विभिन्न गांवों में गणेश उत्सव इस बार भी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। ग्राम अंडा, चिंगरी, निकुम, अछोटी, कुथरेल, चंदखुरी, जंजगिरी, विनायकपुर, आमटी, आलबरस, भोथली, खाडा, रूदा, थनौद, अंजोरा, रसमडा, गनियारी, बोरई, डौकीडीह, ओटेबंद, सिरसिदा, परसदा, डगनिया, खप्परवाडा, नाहंदा, गुरेदा, सलौनी, भिलाई, चीचा, ओडारसकरी, मटिया, देवगहन,देवरी ख, तिरखैरी, गोरकापार सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में गणपति बप्पा की भव्य प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना के बाद विधिवत विसर्जन किया गया। गांव-गांव में गणेश मंडलों द्वारा आयोजित दस दिवसीय उत्सव में भजन-कीर्तन, हवन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामूहिक सेवा ने भक्ति भाव को और गहरा किया। कहीं छोटे बच्चों ने घर में मिट्टी के बप्पा को विराजमान किया, तो कहीं बड़े-बड़े पंडालों में श्रद्धालुओं ने दिन-रात सेवा और आराधना में हिस्सा लिया।



### भक्ति और भावनाओं का मिलन

विसर्जन के दौरान पूरे क्षेत्र में ढोल-नगाड़ों की थाप, गुलाल की उड़ान और फूलों की वर्षा ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने घाटों पर एकत्र होकर गणपति को विदाई दी। विसर्जन में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्गों ने भी उत्साह से भाग लिया। गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों से आसमान गूंज उठा। गणपति बप्पा के विदाई के क्षणों में जहां आंखें नम हुईं, वहीं आस्था और उत्सव का भाव और गहरा हो गया। श्रद्धालुओं ने यह संकल्प लिया कि अगले वर्ष और अधिक उत्साह, श्रद्धा और सेवा भावना के साथ बप्पा का आगमन करेंगे। इस दौरान गांवों में भाईचारे, सहयोग और समर्पण की भावना ने समाज को एक सूत्र में बांध दिया।

## खबर संक्षेप

### लीव काम्बिनेशन मुद्दे का जल्द हो निदान

**भिलाई।** बीएसपी वर्कर्स यूनियन ने कर्मचारियों के लीव कांबीनेशन और हायर पेंशन आदि लंबित मुद्दों से प्रबंधन का ध्यानाकर्षितक करते हुए जल्द निदान की मांग की है। समस्याओं से कर्मियों की परेशानियों से अवगत कराते हुए राहत की मांग की है। इस मामले में कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। यूनियन अध्यक्ष उज्जवल दत्ता के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कार्यपालक निदेशक से चर्चा कर जल्द सभी मुदों के समाधान की मांग की। दत्ता ने बताया कि संयंत्र कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को रखते हुए कहा कि कर्मचारियों के एसईएस बीएफ फंड में जमा राशि को एनपीएस में डालने की स्थिति में कर्मचारियों के हितों एवं उनके फायदा- नुकशान की ओर संयंत्र प्रबंधन द्वारा अत्यधिक ध्यान दिये जाने की जरूरत है। कर्मचारियों के लीव कांबिनेशन का मामला भी 6 महीने से प्रबंधन के पास लंबित है जिसे तुरंत निराकरण किया जाना चाहिए। वहीं बोरिया गेट नाइट शिफ्ट में प्लांट के अंदर जाने वाले कर्मचारियों के लिए 9:30 बजे खोला जाता है।

### अध्यक्ष के लिए एनके बंछोर सहित 3 व जीएस के लिए 5 नामांकन

# ओए चुनाव में बन रही रोचक स्थिति एक अनार कई दावेदार, कल तस्वीर साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

19 सितंबर को होने वाले बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन ओए के चुनाव में दावेदारों के लिए आगामी दो दिन तनाव बढ़ाने वाले होंगे। खासकर अध्यक्ष सहित महासचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए दावेदारी करने वाले सदस्य अफसरों के लिए निर्णायक होंगे। इसकी वजह तीनों में निर्धारित पद से अधिक सदस्यों ने दावेदारी की है। ओए चुनाव के लिए शनिवार को नामांकन फार्म जमा करने की अतिम तारीख समाप्त होने के बाद अब चुनाव बिसात पर रोचक स्थिति बन गई है। तीन अहम पदों से सहित विभिनन पदो के लिए कुल जमा हुए नामांकन को देखते हुए दावेदारों की एक अनार सौ बीमार वाली स्थिति पैदा हो गई है। अध्यक्ष पद के लिए 1, महासचिव के लिए 5 और कोषाध्यक्ष के लिए तीन दावेदारों ने फार्म जमा किए हैं। जोनल प्रतिनिधि के लिए भी 75 पदों के लिए 70 नामांकन जमा हो चुके हैं। नामांकन वासपी की आखिरी तरीख 9 सितंबर है। यानी सिफ दो दिन बाकी है। इन एक दोन दिन के अंदर प्रमुख दावेदारों खुद को जनाधार की तुला पर तौलते हुए उठने बैठने का निर्णय लेंगे। दावेदारों के साथ समर्थक रणीतिकारों के लिए भी यह दो दिन भारी तनावभरे बताए जा रहे हैं। इसके लिए प्लांट और टाउनशिप में प्रमुख दावेदारों के साथ 2389 सदस्यों मेंसियासी सरगरमी तेज होती जा रही है। सोमवार व मंगलवार सभी जमा आवेदनों की स्कूटनी के बाद नौ को रात चुनाव कार्यालय बीटीआई के कक्ष कम्रांक 13 में नोटिस बोर्ड पर फायनल सूची चस्पा कर दी जाएगी। इसके बाद तस्वीर साफ होने के बाद घमासान और बढ़ जाएगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि पिछले चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष एनके बंछोर का 5वीं बार भी ओए के मुखिया के तौर पर जनाधार साबित कर सकेंगे।

### नामांकन की यह है मौजूदा स्थिति

नामांकन जमा करने की अंतिम तारीख खत्म होने के बाद परचे जमा करने वाले दावेदारों की हालत एक है दिल और कई अफसाने फंसी है जां जैसी हो गई है। वर्तमान में अध्यक्ष पद के लिए चार बार के अध्यक्ष एनके बंछोर सहित मुकेश कुल्मी व आशीष गेंद्रे ने नामांकन जमा किया है। वहीं महासिचव के सुधीर बालचंदानी रामटेके, विजय कुमार सैनी, अंकुर मिश्रा, अजय चौरसिया व तुषार सिंह टिकरिहा पांच सदस्यों ने फार्म जमा किए हैं। जबिक कोषाध्यक्ष के लिए सौभाग्य रंजन साहू व अभिषेक कोचर ने पचरा जाखिल किया है। जेडआर पद के लिए 70 फार्म जमा हुए हैं।



### व्यापक प्रबंधः ठाकुर

भिलाई इस्पात संयंत्र के आफिसर्स चुनाव के लिए चार वरिष्ठ अधिकारियों की निर्वाचन व प्रबंध समिति ने पुख्ता तैयारी की है। रिटर्निंग आफिसर जीएम जेएन ठाकुर ने बताया कि कल कुल जमा 70 नामांकनों की जांच कर अभ्यर्थियों की फायनल सूची चुनाव कार्यालय के बीटीआई भवन के कमरा नंबर 13 के सूचना पटल पर 9 तारीख को चस्पा कर दिया जाएगा। वोटर लिस्ट भी लगी हुई है ताकि किसी को असुविधा न हो। चुनाव के महत्व को देखते हुए लोकतांत्रिक परंपरा के तहत पूरी तरह निष्पक्षता व पारदर्शिता का प्रयास किया जा रहा है। नामांकन से जुड़े और आम सदस्यों से ओए व चुनाव की परंपरा की समृद्ध बनाने की अपील की गई है।

# मंत्रालय में नौकरी लगाने के नाम लाखों की ठगी, पिता पुत्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



- 12 लोगों से 70 लाख रुपए की ठगी का खुलासा

मंत्रालय में चपरासी और बाबू की नौकरी लगाने के नाम पर कई लोगों से लाखों की ठगी करने वाले पिता पुत्र को अंजौरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में पता चला है कि उन्होंने अब तक 12 लोगों से 70 लाख रुपए की ठगी की है। मामले में एक आरोपी फरार है। यह भी पता चला है कि आरोपियों ने धोखाधड़ी की रकम से कुथरेल में जमीन खरीदी है। पुलिस ने जिन ठगों को गिरफ्तार किया है उनकी पहचान भेषराम देशमुख और उसका बेटा रविकांत देशमुख ग्राम चिरचार थाना अर्जुंदा जिला बालोद वर्तमान पता वेटनरी कालेज कैंपस क्वार्टर नंबर एफ 4 अंजोरा चौकी दुर्ग के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि उन्होंने मंत्रालय में चपरासी के लिये ढाई लाख और बाबू के लिये 4 लाख रुपए लोगों से मांगे थे। जब उन लोगों ने 12 लोगों से रकम ठग ली और नौकरी नहीं लगी तो लोगों ने मामले की शिकायत पुलिस में की। संतराम देशमुख ग्राम चिरचार थाना अर्जुंदा जिला बालोद ने अंजोरा पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 2 जुलाई 2022 को भेषराम देशमुख के सरकारी स्टाफ क्वार्टर वेटनरी कालेज ग्राम अंजोरा में भेषराम और रविकांत देशमुख से मुलाकात हुई थी। उनके साथ उनका एक साथी अरुण मेश्राम निवासी राजनांदगांव भी था। उन्होंने मंत्रालय में सरकारी नौकरी लगाने का द्वा किया और उससे उनके बेटे दमाद की नौकरी लगाने के लिए 5 लाख रुपए ले लिया। जब नौकरी नहीं लगी तो उसने अपने रुपए वापस मांगे। आरोपियों ने जब टालमटोल करना शुरू किया तो उसने मामले की शिकायत दर्ज कराई।

# सेल वेतन समझौता व निजीकरण को लेकर होगा संघर्ष तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



- सीटू के राष्ट्रीय सम्मेलन में निर्णय
- डे, रेड्डी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जगन्नाथ कार्यकारिणी में शामिल

स्टील वर्कर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया सीटू लंबित अपूर्ण सेल वेतन समझौता व बोनस को लेकर न्याय करने सहित मजदूर विरोधी बीओटी मांडल को वापस लेने की मांग को लेकर सेल सहित देश में संघर्ष तेज करेगा। इसमें औद्योगिक नगरी भिलाई सहित उद्योग क्षेत्र क मजदूरों की अहम भूमिका रहेगी। सीटू के राष्ट्रीय सम्मेलन में यूनियन को मजबूत करने के साथ केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नितियों के खिलाफ मजदूरों को एकजुट संघर्ष को पुरजोर तरीके से आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर के सीटू के सदस्यों के साथ भिलाई सहित छग से भी यूनियन के पदाधिकारी शामिल हुए। सीटू के महासचिव जगन्नाथ त्रिवेदी ने बताया कि राउरकेला में हुए राष्ट्रीय सम्मेलन का सीटू महासचिव तपन सेन ने उद्‌घाटन किया। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ओडिशा के विधायक लक्ष्मण मुंडा ने सम्मेलन के उद्धघाटन सत्र को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की जन विरोधी नितियों के के खिलाफ लामबंद होने व सम्मेलन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। तपन सेन ने कहा कि पूंजीवादी व्यवस्था व निजीकरण के खिलाफ मेहनतकशों को एक होने की जरुरत है। उन्हें रोकने के लिए समाज में धर्म व जाति, भाषा एवं अन्य तरीके अपना कर विभाजन किया जा रहा हैं।

### सरकार बीओटी मांडल वापस ले

सम्मेलन में में बीओटी मॉडल (बिल्ड ऑपरेट और ट्रांसफर) को वापस लेने की मांग की गई। महासचिव तपन सेन ने कहा कि सरकारी पैसे से निर्माण करो कुछ समय तक करो उसके बाद निजीकरण करते हुए निजी पूंजीपतियों के हवाले कर दो। विकास के लिए आधुनिकीकरण जरूरी है किंतु **BOT** मॉडल के तहत मौजूदा आधुनिकीकरण एवं विस्तारीकरण के लिए सरकार आम जनता के मेहनत का पैसा लगा रही है। सम्मेलन में सीटू नेताओं ने कहा कि पहले पांच-पांच साल का वेतन समझौता होता था बदली हुई राजनीतिक परिस्थितियों में प्रबंधन ने 10 साल के समझौते में धकेल दिया है। 2017 से दसवां वेतन समझौता शुरू हुआ। अभी 104 महीना बीत जाने के बाद भी वेतन समझौता की प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकी है वहीं प्रबंधन सेंट्रल लेबर कमिश्नर के सामने बोल चुका है कि एरियर्स देने के बारे में मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग में कुछ भी नहीं लिखा गया है इसीलिए एरियर्स देना प्रबंधन की बाध्यता नहीं है। प्रबंधन बहुमत से एमओयू कराने के बाद यह बात कह रही हैं लेकिन हम एरियर्स मिलते तक संघर्ष को जारी रखेंगे। सम्मेलन में 35 सदस्यीय राष्ट्रीय पदाधिकारियों की समिति चुनी गई और 76 सदस्यीय कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। तपन सेन अध्यक्ष, विश्वरूप बैनर्जी कार्यकारी अध्यक्ष एवं ललित मोहन मिश्रा महासचिव व सपन सरकार कोषाध्यक्ष चुने गए। फेडरेशन के केंद्रीय समिति में भिलाई सीटू के एसपी डे एवं डीवीएस रेड्डी उपाध्यक्ष और जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी और संतोष कुमार प्रुष्टि कार्यकारिणी सदस्य व पी सिमैय्या सचिव एवं शशिकांत कार्यकारिणी सदस्य चुने गए।

# गुटखा नहीं लाने की बात पर कटर से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- आरोपी पुलिस गिरफ्त में
- सुपेला थाना का मामला

गुटखा-सिगरेट लाने से मना करने पर एक युवक ने दूसरे के ऊपर कटर से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी को जामुल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से धारदार कटर जब्त किया है। जामुल थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि शाहिद कुरैशी निवासी कृष्णा नगर सुपेला ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 6 सितंबर की रात पुरानी शराब भट्टी जामुल के पास शक्ति डेढ़हे ने एक युवक को गुटखा-सिगरेट लेने जाने के लिए कहा था। जब युवक ने मना किया तो शक्ति गुस्से में आकर लोहे के धारदार कटरनुमा चीज से उसके सिर में प्राण घातक वार कर दिया। पुलिस ने आरोपी शक्ति (28 वर्ष) निवासी सतनामी पारा पुरानी बस्ती कुरुद को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, सोमवार 8 सितंबर 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

04

लुक को खूबसूरत बनाने इन एथनिक वियर के साथ पोटली बैग को अपनाएं

## लाइव इवेंट

### ट्रैकिंग के साथ यूथ हॉस्टल सदस्यों ने ग्रामीणों को दिए उपहार



**भिलाई।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया दुर्ग-भिलाई और राजनांदगांव इकाई के संयुक्त तत्वावधान में खैरागढ़ जिला मुख्यालय से 20 किमी दूर भोथली भुजारी में एक दिवसीय ट्रैकिंग सह ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। आयोजन में दुर्ग-भिलाई, राजनांदगाँव, रायपुर और खैरागढ़ से कुल 90 सदस्यों की सहभागिता रही। दुर्ग-भिलाई इकाई के प्रेसिडेंट ऋषिकान्त तिवारी और सचिव सुबोध देवांगन ने बताया कि सभी लोग आधार शिविर भुजारी से सदस्य लगभग दो किमी उबड़-खाबड़ अनगढ़ पथरीला रास्ता तय कर भोथली भुजारी वाटरफॉल पहुँचे। इस अवसर पर भुजारी गाँव के स्कूली बच्चों को कॉपी, पुस्तक, स्टेशनरी, पेन, खिलौने, चॉकलेट और जूस आदि का वितरण किया गया। बच्चों सहित सभी आयु वर्ग के ग्रामीणों को कपड़े भी दिये गये। इस अवसर पर शांति अभिवादन के लिए शांति मार्च भी किया गया। वापसी में सदस्यों ने छिन्दारी बाँध के प्राकृतिक सौन्दर्य का भी आनन्द उठाया। यह आयोजन यूथ हॉस्टल्स के वरिष्ठ सदस्य राजेश मिश्रा और मिनेश मिश्रा के संयोजन में किया गया।

- यूथ हॉस्टल्स दुर्ग-भिलाई और इकाई का एक दिवसीय भोथली भुजारी वाटरफॉल ट्रैकिंग

## सिटी इवेंट

### गुरु-शिष्य परंपरा और नैतिक जीवन मूल्यों पर की गई समीक्षा




**भिलाई।** निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई में शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित हुई। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक बलदाऊ राम साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक और सामाज सेवी नागेन्द्र साहू शिक्षक सम्मान के लिए विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इसके साथ ही आश्रम के अध्यक्ष आत्मा राम साहू और ट्रस्टी डॉ हीरालाल साहू ने भी शिरकत की। सभी अतिथियों ने संत कबीर को गुरु के रूप में समाज को अच्छा पथ प्रदर्शक मानते हुए कहा कि कबीर की वाणी को हम हमेशा आत्मसात करते हैं। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्शों को जीवन में अपनाने के लिए बच्चों को प्रेरित करने के लिए अपनी बात रखी गई। आज के परिपेक्ष्य में शिक्षक और बच्चों के बीच नैतिक विकास किस प्रकार हो, इस पर चिंतन मनन भी किया गया। कार्यक्रम में गुरु और शिष्य परम्परा पर भजन तिलक वर्मा, कुमार भारद्वाज और डॉली साहू ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में गौकरण साहू, पी डी साहू, एम के साहू, फकीर राम साहू, वेदराम साहू, रामाधार साहू, डॉ दीनदयाल साहू, विजयकांत दादर, शिव साहू, दलजीत सिंह साहू, अशोक साहू, वाय आर पटेल, सरस्वती साहू, उर्मिला साहू, डॉली साहू, प्रमोद साहू गुरु वंदना प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रबंधन समिति, ट्रस्टी और युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

### स्टूडेंट्स ने 1 दिन के लिए शिक्षक बनकर कराया अध्यापन का कार्य



**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 12वीं के विद्यार्थियों ने एक दिन के लिए शिक्षक बनकर अध्यापन कार्य किया और शिक्षकों को पेन और श्रीफल देकर सम्मानित किया। साथ ही बच्चों द्वारा समूह गान, नृत्य और भांगड़ा की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों को उत्कृष्टता और योग्यता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें नीता दास हिंदी, महेंद्र कुमार बोरकर, धर्मेंद्र यादव इतिहास, बिंदु शिवराजन गणित, सतविंदर कौर गणित, राहत तसनीम गणित, बंदिनी साहू गणित, डॉ. राखी श्रीवास्तव हिंदी, राजेश कुमार विज्ञान और प्रकाश कुमार देवांगन शामिल रहे। प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने कहा कि शिक्षक ही समाज के वास्तविक निर्माता हैं। विद्यार्थियों में मूल्य, संस्कार और ज्ञान का संचार कर वे राष्ट्र की दिशा तय करते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। दोपहर में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में समूह गान, समूह नृत्य और पंजाबी भांगड़ा विशेष आकर्षण रहे। संचालन हिमानी शर्मा और अंकित सिंह ने किया। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में शिक्षिकाओं में प्रथम स्थान नीता दास, द्वितीय उषा शर्मा और तृतीय सतविंदर कौर रहीं। वहीं शिक्षकों में प्रथम स्थान विकास यादव, द्वितीय एम. के. बोरकर और तृतीय स्थान राजेश चंद्राकर को मिला।

● शिवनाथ नदी, खारून नदी, सेक्टर-2, शीतला, रामनगर मुक्तिधाम तालाब में होता रहा प्रतिमाओं का विसर्जन

# ट्विनसिटी में दूसरे दिन भी चलता रहा गणेश विसर्जन का दौर भक्तों ने उल्लास और श्रद्धा के साथ दी विदाई

**भिलाई।** शहर में गणेशोत्सव का उल्लास रविवार को भी देखने को मिला। जगह-जगह गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए भक्तजन उत्साह और श्रद्धा से निकले। ढोल-नगाड़ों की थाप और गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों से गलियां गूंज उठीं। हालांकि रविवार को चंद्र ग्रहण के चलते सभी मंदिरों के पट दोपहर 12 बजे से बंद रहे। इस दिन पूजा पाठ वर्जित होने के चलते आज विसर्जन करने वाली समितियों ने पहले ही हवन- पूजन कर प्रतिमा को स्थान से हिला कर रखे हुए थे।





### मोहल्ले में कई सालों से बैठा रहे गणपति

सेक्टर 4 की महिलाएं और पूजा शर्मा परिवार पिछले दस सालों से मोहल्ले में बप्पा की स्थापना करता है। इस बार संगीता पांडे, ईश्वरी नेताम, संध्या सहित सभी महिलाओं ने विजर्सन के दौरान मराठा लुक में पगड़ी और साफा बांधकर गाजे बाजे के साथ गणपति विसर्जन के लिए निकले। जो सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। भिलाई निवासी पुष्पा कश्यप कहती हैं कि "बच्चों के लिए यह पर्व सिर्फ पूजा नहीं, बल्कि मिलजुलकर खुशी बांटने का अवसर है। विसर्जन के समय आंखें नम हो जाती हैं, लेकिन दिल से यही कामना रहती है कि अगले साल बप्पा फिर घर आएं।" वहीं दुर्ग की महिला मंडली "जय गणेश सेवा समिति" की महिलाओं ने सामूहिक रूप से प्रतिमा का विसर्जन किया। महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाकर माहौल को भावुक और भक्तिमय बना दिया। बच्चों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। कई बच्चों ने बप्पा की छोटी-छोटी मिट्टी की प्रतिमाएं स्वयं बनाकर कृत्रिम तालाब में विसर्जित की।

### सभी तालाबों में रही भीड़

रविवार की सुबह से ही विसर्जन यात्रा का सिलसिला शुरू हो गया था, जो देर रात तक चलता रहा। शिवनाथ नदी, खारुन नदी, सेक्टर 2 तालाब, शीतला तालाब, रामनगर मुक्तिधाम तालाब में गणेश प्रतिनाओं का विसर्जन होता रहा। बड़ी-बड़ी प्रतिमाओं के साथ-साथ छोटी-छोटी मूर्तियों का भी गाजे-बाजे के साथ विसर्जन किया गया। युवाओं ने नृत्य कर माहौल को और रंगीन बना दिया।



### कृत्रिम तालाबों में विसर्जित

नगर निगम और प्रशासन की ओर से विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा और स्वच्छता के लिए विशेष इंतज़ाम किए गए थे। नदी-तालाबों पर गोताखोर और पुलिस बल की तैनाती रही। वहीं, कई जगह पर्यावरण मित्र मूर्तियों को कृत्रिम तालाबों में विसर्जित किया गया। भक्तों ने बप्पा से अपने परिवार और समाज की खुशहाली की कामना करते हुए उन्हें विदा किया और अगले वर्ष फिर आने का निमंत्रण दिया।





तालाबों में इस तरह रहा माहौल



### रिक्शे पर प्रतिमा लेकर विसर्जन को निकले विधायक रिकेश



**भिलाई।** शांति नगर विधायक कार्यालय में विराजे विघ्नहर्ता का हवन पूजन कर विधायक रिकेश सेन रिक्शे पर प्रतिमा विसर्जन के लिए लेकर निकले।उन्होंने वर्तमान में तेज डीजे और प्रतिबंधित शोरगुल की बजाय आस्था और संस्कृति अनुरूप भगवान गणेश की प्रतिमा विसर्जन को आवश्यक बताते हुए कहा कि हम सभी लोग बचपन से इसी प्रक्रिया के तहत विसर्जन करते रहे हैं। फिल्मी गाने और तेज डीजे की जगह भगवान के जयकारे और भजन करते हुए विसर्जन करने का एक अलग ही आनंद है, इससे न तो दूसरे लोगों को तकलीफ़ होती है और ध्वनि प्रदूषण भी नहीं होता।पहले श्रद्धा और सम्मान के साथ गणेश का विसर्जन होता था, वही भावना बनाए रखना ज़रूरी है। मैं स्वयं साधारण तरीके से, रिक्शा से भगवान गणेशजी का विसर्जन करने निकला हूँ। इस दौरान सभी उनके साथ पैदल जयकारे लगाते हुए चलते रहे।



## 10 दिनों तक अलग-अलग सोसाइटियों में होते रहे आयोजन

# म्यूजिकल अंताक्षरी, ड्रॉइंग स्पर्धा, म्यूजिकल हौउजी में बने विनर 108 थाल से की महाआरती, धूमधाम से मनाया गया गणपति उत्सव

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** सभी सोसाइटी में इस वर्ष गणपति महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक भावनाओं के साथ मनाया गया। लेकव्यू सोसायटी उत्सव की शुभारंभ गणपति स्थापना के साथ हुआ और पूरे कार्यक्रम के दौरान रोज सुबह-शाम होने वाली आरती में सोसाइटी के सभी रहवासी बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ शामिल हुए। पूजा और प्रसाद वितरण के बाद प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें म्यूजिकल अंताक्षरी, ड्रॉइंग स्पर्धा, म्यूजिकल हौउजी सहित अनेक मनोरंजक खेल खेले गए।



### सांस्कृतिक कार्यक्रम में लिया हिस्सा

इस दौरान अनिल बल्लेवार ने सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम को संपन्न कराया। आयोजन के अंतिम दिन गणपति को 56 भोग अर्पण कर 108 दीपों की थाली से महाआरती की गई जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय हो गया। इस आयोजन में गणेश समिति के प्रमुख सदस्य बिमल राजगड़िया, प्रकाश सोनी जी, शैलेश कारिया, कुशल सुराना, एस के खंडेलवाल, विनय माहेश्वरी, हरीश अग्रवाल सहित सभी कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सोसाइटी के अध्यक्ष पदम धेलरिया, रजनीश कर्णावत, निर्मल लोढ़ा, प्रफुल्ल पारख, पवन बागमार, संजय बोथरा, प्रशांत जैन तथा अन्य पदाधिकारी विशेष रुप से उपस्थित थे।

### 15 वर्षीय आगम करेंगे दीक्षा ग्रहण



इसी दौरान सोसाइटी में एक और भावुक करने वाला पल रहा, जब सोसाइटी के 15 वर्षीय बालक आगम सुराना ने दीक्षा ग्रहण करने का संकल्प लिया। उनकी दिक्षा आगामी 13 अक्टूबर को संपन्न कराई जायेगी। इस अवसर पर सोसाइटीवासियों ने भावविभोर होकर मुमुक्षु एवं उनके परिवार का स्वागत किया। पूरा कार्यक्रम अत्यंत भावुक वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसका सफल संचालन नीतिन वैद्य ने किया। अंतिम दिन विशेष हवन पूजन किया। जिसमें मुख्य यजमान गोविंद अग्रवाल और इंद्र अग्रवाल रहे। गाजे-बाजे, नगाड़ों और शोभायात्रा के साथ बप्पा का शिवनाथ नदी में विसर्जन किया गया।

### बच्चे हुए भावुक

समापन अवसर पर बच्चें भावुक दिखाई दिये। उन्होंने अपने क्यूट बप्पा से प्रार्थना करते हुआ कहा कि जिस प्रकार सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देकर हमारे घर आए हैं, उसी प्रकार अगले वर्ष भी जल्दी पधारें और ऐसी ही धूमधाम का वातावरण बनाएं।

## स्पोर्ट्स इवेंट

### खेलगांव खम्हरिया के 10 खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लेंगे हिस्सा



**भिलाई।** क्रीड़ा भारती क्रीड़ा केंद्र खेलगांव खम्हरिया के 10 खिलाड़ी बिलासपुर बहतराई अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना हुए। भाग लेने वालों में 14 वर्ष बालक आयु वर्ग में 1 ट्रायथलान सी- 60 मीटर, 600 मी, लंबी कूद 2 किड्स जेवलिन में तेजस साहू खम्हरिया लोकेन्द्र प्रसाद साहू धनोरा, 14 वर्ष बालिका आयु वर्ग में गीतिका ठाकुर खम्हरिया, अनन्या पटेल खम्हरिया, आदित्य देशमुख धनोरा, 16 वर्ष आयु वर्ग में 60 मीटर, लंबी कूद में हर्ष सपहा हनोदा, रामावतार साहू धनोरा, 18 वर्ष आयु वर्ग में रौनक चंदेल हनोदा सौ मीटर, लंबी कूद, 20 वर्ष आयु वर्ग 3 हजार मीटर, 5 हजार मीटर में आकाश साहू खम्हरिया, सूरज साहू सौ मीटर, 2 सौ मीटर में भाग लेंगे। कोच के रूप में बीआर साहू अंतर्राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स खिलाड़ी और सहायक प्रशिक्षक क्रीड़ा भारती क्रीड़ा केंद्र खेलगांव खम्हरिया हैं। यह सभी खिलाड़ी बालकदास डहरे पीटीआई सेजस फरीदनगर भिलाई और मुख्य प्रशिक्षक क्रीड़ा भारती क्रीड़ा केंद्र के निर्देशन में नियमित प्रशिक्षण लेते हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिए दुर्ग सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, सरस्वती बंजारे अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग, श्रद्धा पुरेन्द्र साहू सभापति सहकारिता जिला पंचायत दुर्ग, दुलारी देशलहरे सरपंच ग्राम पंचायत खम्हरिया, रूलेश्वरी बंजारे सरपंच ग्राम पंचायत धनोरा, जितेन्द्र टंडन जनपद सदस्य, लक्ष्मी साहू सरपंच, प्रकाश पटेल, तेजराम चंदेल पूर्व सरपंच, एस.झा प्रभारी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हनोदा, नीलिमा गजपाल प्राचार्य शा उ मा विद्यालय धनोरा, पुष्पा सिंह प्रधान पाठक शासकीय पूर्व मा शाला धनोरा, विद्या शिक्षिका धनोरा, शिक्षिका आराधना, सरस्वती बंजारे पीटीआई धनोरा, राजेश पिल्लै व्याख्याता हनोदा, प्रशांत वर्मा क्रीड़ा प्रभारी, युवराज बेलचंदन, देवधर ठाकुर, स्वाति चंद्राकर सहित सभी ने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने शुभकानाएं दी।

## सिटी इवेंट

### शिक्षक और सड़क एक समान, उनके बताएं रास्तों पर बच्चे बढ़ते रहते हैं आगे



**भिलाई।** संत कबीर पब्लिक स्कूल जी केबिन चरोदा में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सूरज साहू, रामकुमार साहू, महिमा नेताम, भावना पटेल, याशिका कश्यप उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने अपने-अपने क्लास टीचर के तरह वेश धारण किए और उनके द्वारा कैसे बच्चों को पाठ पढ़ाएं करते हैं वह भी नकल कर बताया। बच्चों ने गीत, कविता, पोयम सुनाया।

अतिथियों द्वारा माता सरस्वती, डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन, संत कबीर के तैल चित्रों पर माल्यार्पण कर तिलक लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। अतिथियों बैच लगाकर पुष्प गुच्छ से स्वागत कर गीत गाये। इस अवसर पर याशिका कश्यप, महिमा नेताम, भावना पटेल, किरण यादव, दिव्या थापा, संतोषी नेताम, प्रिंसिपल मोनाली पाल का सम्मान किया गया। महिमा नेताम ने कहा कि शिक्षक और सड़क एक स्थान पर रहते हैं और बच्चे उनसे आगे बढ़ते रहते हैं। रामकुमार साहू ने बताया कि डॉक्टर सर्व पल्ली राधाकृष्णन पहले एक शिक्षक थे और बाद में भारत के उपराष्ट्रपति बने, फिर देश के राष्ट्रपति बने। जिनको आज भी एक शिक्षक के तौर पर याद किया जाता हैं। सूरज साहू ने कहा कि बच्चों को शिक्षक पढ़ाई के साथ साथ जीवन जीने की कला भी सीखते रहते है। इस अवसर पर स्कूल के सभी बच्चे उपस्थित रहे।

## सिटी लाइव

### वार्षिक रिपोर्ट पेश कर अपने राज्यों की साझा की जानकारी, दी रंगारंग प्रस्तुति




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य के भिलाई और रायपुर शहरों की महिलाओं की समिति ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इस संदर्भ में रायपुर समिति को दृष्टिगत रूप से 5 प्रतिष्ठित अवार्ड्स से सम्मानित किया गया। बैठक में भिलाई सब चेप्टर महिला समिति अध्यक्ष टी जया रेड्डी और सचिव कल्पना स्वामी ने भी भाग लिया। इसके साथ ही रायपुर की महिला समिति से प्रदेश अध्यक्ष कांता सिंहनिया, सचिव सरिता रखनी, और सदस्य राजश्री गुप्ता, अनीता अग्रवाल, सुशीला अवधिया, शैल यदु, हेमलता बंसल, तथा मनीषा सिंघानिया शामिल हुए। बैठक में महिला समिति के सभी उपस्थित सदस्यों ने अपने अनुभव साझा किए और भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में इंदौर, चेन्नई, पुणे, कर्नाटक, तेलंगना, पंजाब, जयपुर, रायपुर, भिलाई, भुवनेश्वर, राजस्थान, मुंबई, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, असम, कोलकाता, गया, बिहार, धनबाद, जमशेदपुर, रांची, केरल, नागपुर, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तिनसुखिया, भोपाल आदि प्रमुख शहरों से 250 महिलाओं और पदाधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान सभी राज्यों के अध्यक्षों ने परिचय सत्र में भाग लिया, जहाँ उन्होंने अपने-अपने राज्यों के वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## फार्मेसी की फील्ड में बी और डी फार्मेसी के बाद कॅरियर...

# छत्तीसगढ़ में फार्मेसी स्टार्टअप का आगाज, अगले पांच साल में देश की हर बड़ी कंपनी प्रदेश में करेंगी निवेश

**भिलाई।** साइंस बैकग्राउंड के ऐसे छात्र जो 12वीं के बाद कॅरियर चुनने में कन्फ्यूज हो रहे हैं, उनके लिए फार्मेसी सबसे शानदार फील्ड साबित हो सकती है। यह कोर्स न सिर्फ मेडिकल साइंस की बारीकियों को करीब से जानने बल्कि अच्छे पैकेज पर नौकरी के भरपूर मौके देगा। खासबात यह है कि छत्तीसगढ़ को हर्बल स्टेट कहा जाता है, इसलिए प्रदेश में दवाएं मैनुफैक्चरिंग होना शुरू हो गई हैं। विशेषज्ञों का दावा है कि कुछ वर्षा में फार्मा इंडस्ट्री की दिग्गज कंपनियां छत्तीसगढ़ में अपने सेटअप लगाएगी जिससे हजारों युवाओं को शानदार पैकेज पर नौकरियां मिलना तय है। प्रदेश में बैचलर ऑफ फार्मेसी यानी बी.फार्मा और डिप्लोमा इन फार्मेसी डी.फार्म दोनों ही कोर्स का संचालन होता है। फार्मेसी की पढ़ाई के लिए कक्षा 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री, गणित या बायोलॉजी होना जरूरी होता है। दुनिया के श्रेष्ठ दो फीसदी वैज्ञानिकों में शामिल रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर डॉ. एजाजुद्दीन बता रहे हैं, कैसा है फार्मेसी के बाद भविष्य....।





### फार्मेसी करने के बाद विद्यार्थियों के पास जॉब के कई विकल्प, स्टार्टअप के भी द्वार खुले

**अस्पतालों में नौकरी** : फार्मेसी की पढ़ाई करने के बाद अस्पतालों में रोजगार के अवसर मिलते हैं। उन्हें रेसिडेंशियल और एंबुलेंस सेवा, आपात रोगी चिकित्सा जैसी फील्ड में काम मिलता है।

**कंपनियों में अवसर** : फार्मास्यूटिकल कंपनियों की लैबोरेटरी और प्रोडक्शन के दौरान फार्मेसी ग्रेजुएट्स और डिप्लोमाधारी युवाओं की जरूरत होती है। इसके अलावा आप मेडिकल रीप्रजेंटेटिव की पोस्ट पर भी नौकरी हासिल कर सकते हैं। इस फील्ड में बड़े पैकेज मिलते हैं। साथ ही कई सारी पैकेज और एलाउंस भी दिए जाते हैं।

**फार्मेसी शिक्षक, प्रोफेसर** : बी.फार्मेसी करने के बाद एमफार्मेसी की पढ़ाई होती है। इसके बाद आप पीएचडी कर सकते हैं। इस तरह आप फार्मेसी कॉलेज में बतौर शिक्षक या असिस्टेंट प्रोफेसर ज्वॉइन कर सकेंगे। इस फील्ड में आपको केंद्रीय पे-स्केल से वेतन मिलेगा।

**केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट** : बी. फार्मेसी की पढ़ाई पूरी करने के बाद आप बतौर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट कॅरियर की शुरुआत कर सकेंगे। सरल शब्दों में कहा जाए तो पढ़ाई पूरी करने के बाद आपको दवाएं की दुकान खोलने का लाइसेंस मिल जाएगा।

**रिसर्च एंड डेवलपमेंट** : नई दवाइयों के आविष्कार उसकी टेस्टिंग के लिए फार्मेसी एक्सपर्ट की जरूरत होती है। इस फील्ड में रिसर्च एंड डेवलपमेंट करने वाले युवाओं को सबसे बड़े पैकेज मिलते हैं।

नौकरी का अवसर विदेश में : अन्य देशों में भी फार्मासिस्ट के रूप में नौकरी के अवसर होते हैं, जो छात्रों को विदेश जाने का एक मौका प्रदान करता है। इसके लिए कुछ देशों में विशेष टेस्ट लिया जाता है।

गुणवत्ता नियंत्रण : फार्मास्यूटिकल उत्पादों की गुणवत्ता को नियंत्रित करने के लिए लैबोरेटरी या उत्पादन इकाइयों में काम का स्कोप होता है। छत्तीसगढ़ में इसके लिए अलग से विभाग स्थापित किया गया है। साथ ही निजी क्षेत्रों में भी इसके प्रोफेशनल को अच्छे पैकेज पर हायर किया जाता है।

छत्तीसगढ़ में इंडस्ट्रीज : राजधानी रायपुर में हाल ही में एक फार्मा कंपनी की शुरुआत हुई है। आने वाले पांच साल में कंपनियों की संख्या 50 हो सकती है। यह सबसे बड़ा मौका होगा, जहां हमारे फार्मेसी ग्रेजुएट्स के लिए नौकरियों के द्वार खुलेंगे। इसके अलावा छत्तीसगढ़ में फार्मेसी पार्क की घोषणा की गई है, जो इसकी फील्ड में ग्रेजुएट युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है।

### पहली बार यूनिफाइड जॉब पोर्टल

अभी तक तमाम प्रोफेशनल्स के लिए ऑनलाइन जॉब पोर्टल की व्यवस्थाएं होती रही है, लेकिन अब काउंसिल फार्मेसी के विद्यार्थियों की नौकरियां पुख्ता करने यूनिफाइड जॉब पोर्टल शुरू करने जा रहा है। इसमें नामी फार्मेसी कंपनियों की वेकेंसियों के साथ जिलेवार जरूरत के पोस्ट होंगे। फार्मेसी ग्रेजुएट या डिप्लोमाधारी अपनी आईडी से इसमें लॉगइन करेगा। इसमें एमआर से लेकर मल्टीनेशनल कंपनियों में बड़े ओहदों तक सभी तरह की पोस्ट मौजूद रहेंगी। छात्र अपना पंजीयन कर सीधे एम्पलॉयर से जुड़ सकेंगे। इससे फार्मेसी छात्रों के लिए नौकरियों के हजारों नए रास्ते खुलेंगे। फार्मेसी के विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार के मौके दिलाने के ने देश की नामी मल्टीनेशनल फार्मेसी से पत्राचार किया है। इस पत्र में इन कंपनियों को छत्तीसगढ़ में अपने कैंपस प्लेसमेंट हायरिंग की मांग की गई है। जल्द ही इसकी शुरुआत हो सकती है।

## समितियों ने जीता अवार्ड

# आस्था के महासंगम में उमड़ा जन सैलाब



**भिलाई।** आस्था-रथ सांस्कृतिक मंच द्वारा गणेश विसर्जन महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जहां परम्परा और संस्कृति की अदभुत झलक नजर आई। राउत नाचा, धुमाल, ढोल नंगाड़ा पारंपरिक नाच-गाना और देवी देवताओं की वेष भूषा धारण कर कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक वेशभूषा धारण किए लोगों ने बप्पा की अंतिम विदाई पर देर रात तक जमकर झूमकर अपनी श्रद्धा प्रकट की। आस्था रथ सांस्कृतिक मंच के 10वें वर्ष के आयोजन में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक देवेंद्र यादव, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, विधायक ललित चंद्राकर, महापौर नीरज पाल सहित समाज के अन्य लोग शामिल हुए। आयोजन सेना और पुलिस के जवानों के लिए समर्पित रहा। आयोजन में 71 झांकियां शामिल हुई। लगातार 9 सालों से विजेता रहे न्यू आजाद गणेशोत्सव समिति सेक्टर 2 दशक अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसी तरह से सर्वश्रेष्ठ थीम के लिए युवा खेल एवं सांस्कृतिक मंडल, सामाजिक, ऐतिहासिक और धार्मिक विषय पर आधारित सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति के लिए शिव मानस गणेशोत्सव समिति सेक्टर 10, को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही सेक्टर 4 समिति के प्रशांत पांडेय और पूर्व पार्षद रिंकू साहू की झांकी को भी पुरस्कृत किया गया। सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इसके तहत सिख्ख यूथ सेवा समिति को को स्व.बीरा सिंग सेवा, और भारत की प्राचीन विधा मलखंभ को जीवित रखने एवं गांव के बंच्चों का हुनरमंद बनाने वाले कोच पुष्कर दिनकर को स्व प्रकाश भाकरे सेवा योजना के तहत 11 हजार की राशि का चेक भेंट किया गया। आयोजक मिथलेश ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल हुई प्रत्येक समितियों को सम्मानित किया गया है ताकि उनका उत्साहवर्धन हो सके। आभार प्रदर्शन अनूभूति भाकरे ठाकुर ने किया ।

## साईंस कालेज में रजत जयंती

# क्विज में विवेकानंद हाउस और भाषण में रश्मि ने मारी बाजी



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में शुभारंभ हुआ। क्विज प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विवेकानंद हाउस प्रथम स्थान पर रहा। जिसमें देवेश, प्रखर स्वर्णकार, यशकुमार तथा कैलाश बंजारे शामिल थे। द्वितीय स्थान पर सुभाषचंद्र बोस हाउस की टीम रही। इसमें प्रियांशु यादव, कशिश वर्मा, रामसिंह साहू तथा हीना साहू शामिल थे। तृतीय स्थान पर चंद्रशेखर आजाद हाउस तथा शहीद भगत सिंह हाउस रहें। इनके सदस्यों ने ऋशु गीर गोस्वामी, भावेश कुमार, प्रेम तथा जागृति साहू एवं रिध्दी यादव, सृष्टि, कुणाल वर्मा, मनीष कुमार शामिल थे। इस क्विज प्रतियोगिता का सफल संचालन डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी ने किया। इस क्विज प्रतियोगिता का विषय छत्तीसगढ़ के स्वर्णिम 25 वर्ष था। अन्य आयोजकों में डॉ. सुनीता मैथ्यू, डॉ. संजू सिन्हा, डॉ. लतिका ताम्रकार, डॉ. अभिषेक मिश्रा, डॉ. तरूण साहू, डॉ. प्रशांत दुबे, डॉ. लाली शर्मा, डॉ. शोभा रानी तथा डॉ. निखिल देशलहरे शामिल थे। महाविद्यालय के रवीन्द्रनाथ टैगोर सभागार में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में लगभग 25 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया तथा प्रतियोगिता का संचालन डॉ. के. पद्मावती, डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी हाउस प्रभारी डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. जनेन्द्र दीवान, डॉ. लता गोस्वामी, डॉ. शारदा सिंह, डॉ. रमणी चन्द्राकर, डॉ. जिज्ञासा पाण्डेय, डॉ. भारती ने किया। भाषण प्रतियोगिता के सम्मानीय निर्णायक डॉ. मर्सी जॉर्ज एवं डॉ. दिव्या कुमुदिनी मिंज थी। इस प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्र रश्मि साहू प्रथम तथा दिनेश्वरी चन्द्राकर द्वितीय रही। एमएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्र साक्षी बांगरे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## सुपेला चौक में धर्म प्रचारक रामायण मंडल नौ दिवसीय रामलीला का कर रहा आकर्षक मंचन

कार्नर न्यूज

# टीवी व इंटरनेट युग में रामलीला को बचाने निकले कलाकार, धर्म जागरण और कला का दे रहे संदेश

**भिलाई।** आज के टीवी इंटरनेट के युग से परे चार दशक पूर्व एक ऐसा सुनहरा दौर था जब गांव से शहर तक रामलीला और नौटंकी की धूम हुआ करती थी। लोग दशहरे के पूर्व बेसब्री से रामलीला का इंतजार नही करते थे बल्कि घर घर में राम,लक्ष्मण भरत,शत्रुघ्न बच्चों के नाम नाम रखे जाते थे और इनके जैसे आदर्श की माता पिता कल्पना किया करते थे। लेकिन सोशल मीडिया की चकाचौंध में घर बैठे छोटे और रंगीन परदे ने स्वस्थ और संदेशपरक मनोरंजन के प्रमुख माध्यम रामलीला को ही विलुप्तप्राय नहीं किया वरन लोक व रंगमंच का भी स्वरुप बदल दिया है। ऐसे विषम और चुनौतापूर्ण दौर में यूपी और बिहार की कुछ रामलीला मंडलियां लोक चेतना के प्रभावी मंच रामलीला का देशभर में मंचन कर लोकरंजन के साथ सनातनी संस्कृति का अलख जगाने का प्रयास कर रही हैं। विजयादशमी पर्व के पूर्व रामलीला मंचन के लिए भिलाई में प्रयागराज से भिलाई पहुंचा धर्म प्रचारक रामायण रामकथा रामलीला मंडल एक ऐसा ही प्रेरक और सांस्कृतिक कलावंत धार्मिक ग्रुप है। शहर में छम्मा छम्मा बाजे रे मेरी पैजनिया जैसे आयटम डांस के माहौल में आर्थिक और अल्प संसाधनों से जूझते हुए रामकथा रामलीला मंडली यहां चिंगरीपारा तिराहा सुपेला चौक में रोज रामलीला का रोचक मंचन कर रही है। कलाकार चाहते हैं कि रामराज की स्थापना का माहौल बने और रावण राज की वापसी कभी ना हो।





### कला व धर्म को बचाने की जरुरत





वर्षों से हर साल विजयादशमी के पूर्व धर्म प्रचारक रामायण मंडली उत्तरप्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश आदि हिंदी भाषी राज्यों में घूम घूम कर रामलीला का मंचन को कर धर्म के प्रचार के साथ कला संस्कृतिक को भी समृद्ध कर रही है। मंडली के वरिष्ठ कलाकार संतोष पांडेय बताते हैं कि यूपी बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश में टीवी मोबाईल का चलन बढ़ने से अब रामलीला को लेकर पहले जैसा माहौल नहीं रहा। पहले यूपी में हजारों रामायण मंडलियां थी लेकिन बहुत कम मंडलियां बची हैं। धर्म प्रचारक रामायण मंडली के अध्यक्ष लवलेश मिश्रा बताते हैं कि हमारी रामायण मंडली 50 साल से अधिक पुरानी है और यूपी छग सहित कई राज्यों में रामलीला का मंचन कर सनातन संस्कृति और घर घर भगवान राम के आदर्श स्थापित करने का संदेश दे रही है। सरकारों और सक्षम संस्थानों को हजारों साल पुरानी रामलीला लोक विधा और कलाकारों की मदद कर इस विलुप्त होते मंच को समृद्ध करने की जरुरत है। आज महंगाई और धर्मप्राण दर्शकों के संकट दौर में नौ दिनों तक रामलीला का मंचन करना बहुत मुश्किल है।

### नौ दिवसीय मंचन से कर रहे भावविभोर

यहां नगर निगम कार्यालय के सामने सुपेला में दुर्गा मंच में धर्मप्रचारक रामलीला मंडल द्वारा नौ दिवसीय रामलीला का प्रभावी मंचन किया जा रहा है। कलाकार अपनी कलात्मक प्रतिभा और भाव से धर्म के साथ कला का भी संदेश दे रहे हैं। शनिवार को भगवान राम के धनुष तोड़ने व सीता स्वयंवर, राम बनवास का प्रसंग का आकर्षक मंचन हुआ। सोमवार को राम शबरी भेंट,सूर्पणखा नाक कान छेदन व सीता हरण बाली वध, मंगलवार को लक्ष्मण शक्ति व मेघनाद वध बुधवार को रावण वध और गुरुवार रा राम राज्यभिषेक का मंचन होगा।

### सुरमयी लीला से करते हैं मंत्रमुग्ध

राम लीला में प्रतिभाशाली कलाकार वर्षों से रामायण के विभिन्न किरदारों को निभा रहे हैं। विकास मिश्रा भगवान राम,आदर्श लक्ष्मण और संजय पांडे दशरथ, जनक की भूमिका निभाते हैं। चंद्रबलि सिंह बाणासुर,मेघनाद सुग्रीव और संतोष पांडेय विश्वामित्र, रावण व परशुराम और राजन सीता का चरित्र अभिनीत करते हैं। काथ व्यास राम सुमेर सिह हारमोनियम के साथ सुरमयी राम कथा का वाचन करते हैं। वहीं बबलू आदिवासी ढोलक, सिंजू पांडे मंजीरा में मधुर संगत करते हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### इंटर स्टेट बैडमिंटन में छत्तीसगढ़ के सुजेय-अभिषेक बने विजेता

**रायपुर।** योनेक्स सनराइज वेस्ट जोन इंटर स्टेट बैडमिंटन चैम्पियनशिप गोवा पणजी में 3 से 6 सितंबर तक आयोजित थी। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम रनर अप रही। पुरुष युगल में छत्तीसगढ़ के सुजेय तंबोली और एमवी अभिषेक विजेता रहे। वहीं पुरुष एकल में अधिप गुप्ता (गुजरात), महिला एकल में एशानी तिवारी (गुजरात) और मिश्रित युगल में छत्तीसगढ़ के आयुष मखीजा और रेणुश्री यावाना विजेता रहे।



### पैरा तीरंदाज टोमन को वर्ल्ड टूर्नामेंट में चौथा स्थान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका ने इंटरनेशनल पैरा तीरंदाज टोमन कुमार के साथ उनकी उपलब्धियां साझा की। प्रेस क्लब रायपुर में श्री मुरारका ने बताया कि चेक गणराज में 23 से 31 अगस्त तक हुई वर्ल्ड रैंकिंग पैरा तीरंदाजी टूर्नामेंट में टोमन कुमार को चौथा स्थान प्राप्त हुआ। झारखंड में आईडी ब्लास्ट में अपना एक पैर अपना खोने वाले टोमन कुमार कोरिया में वर्ल्ड पैरा आर्चरी टूर्नामेंट में भाग लेने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सोनीपत में कोचिंग कैंप आर्चरी वर्ल्ड रैंकिंग कैंप लगा हुआ है। टोमन कुमार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में तीन-चार मेडल जीत चुके है। एक अन्य जानकारी में उन्होंने बताया कि पैरा तीरंदाजी विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट, नोवे मेस्टो, चेक गणराज्य में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। जिसमें कई पोडियम फिनिश हासिल किए हैं। इन पदक विजेताओं में मिश्रित महिला युगल में सरिता और शीतल- रजत पदक (वीएस जीबीआर), मिश्रित पुरुष युगल में राकेश कुमार और सायम सुंदर-गोल्ड मेडल (स्लोवाकिया को हराकर), रिकर्व मेन डबल, पुनरावृत्ति महिला युगल-पजा और भवाना- रजत पदक, कंपाउंड मिक्स्ड टीम-शीतल और राकेश कुमार -(गोल्ड मेडल (वीएस जीबीआर),रिकर्व मिक्स्ड टीम-पूजा और हरविंदर सिंह-रजत पदक (बनाम इटली), मिश्रित व्यक्तिगत (पुरुष)-राकेश कुमार कांस्य पदक, मिश्रित व्यक्तिगत (महिला) में शीतल- कांस्य पदक (बनाम जीबीआर), मिश्रित व्यक्तिगत (पुरुष)-श्यामसुंदर स्वामी- गोल्ड मेडल (बनाम फ्रांस, 147-145) शामिल हैं। भारत के लिए मेडल टैली में 4 स्वर्ण पदक, 4 रजत पदक और 2 कांस्य पदक सहित कुल 10 पदक आए हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और खेल मंत्री अरुण साव ने सभी इंटरनेशनल पैरा तीरंदाज को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने खिलाड़ियों के कोरिया में आयोजित वर्ल्ड रैंकिंग टूर्नामेंट से वापस आने पर अपने कार्यालय में भेंट मुलाकात की बात कही है।



### मिताली का शॉट पुट में नया राज्य रिकॉर्ड



**रायपुर।** ओपन स्टेट एथलेटिक्स चैम्पियनशिप, बिलासपुर में आयोजित हुई। जिसमे एनएच गोयल स्कूल रायपुर की मिताली बिस्वास ने अंडर-18 गर्ल्स शॉट पुट में 12.91 मीटर का थ्रो कर छत्तीसगढ़ का नया राज्य रिकॉर्ड बनाया और गोल्ड मेडल जीता। प्रतियोगिता में शौर्य अग्रवाल ने अंडर-18 बॉयज़ जैवलिन थ्रो में 57.98 मीटर फेंककर सिल्वर मेडल जीता। खास बात यह है कि यह शानदार प्रदर्शन उन्होंने सिर्फ कुछ ही महीनों की ट्रेनिंग में हासिल किया है। विजय कुमार यादव ने अंडर-18 बॉयज़ जैवलिन थ्रो में 64.99 मीटर के बेहतरीन थ्रो से गोल्ड मेडल अपने नाम किया। मुकुंद वर्मा ने अंडर-16 बॉयज़ पेंटाथलॉन में 31.50 अंक बनाकर गोल्ड मेडल जीता। मिताली बिस्वास ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-18 गर्ल्स डिस्कस थ्रो में 35.78 मीटर फेंककर गोल्ड मेडल जीता। ऋद्धिमा शाही ने अंडर-14 गर्ल्स किड्स जैवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीता। अंश पुरी गोस्वामी ने अंडर-18 बॉयज़ शॉट पुट में 11.79 मीटर फेंककर ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। मुकुंद वर्मा ने अंडर-16 बॉयज़ लॉन्ग जंप में भी सिल्वर मेडल जीता। निखिल वर्मा ने अंडर-18 बॉयज़ हेप्टाथलॉन में 2930 अंक बनाकर सिल्वर मेडल जीता। खिलाड़ी अब पश्चिम ज़ोन चैम्पियनशिप (शिवपुरी, मध्य प्रदेश) और जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैम्पियनशिप (भुवनेश्वर) में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। इनके कोच कपिल चौधरी एवं मनीष कुमार थे।

आपके आहार में शामिल करना होगा प्रमुख तत्व, दिखेगा असर

# हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है इन विटामिन की कमियों से, लाइफ स्टाइल में भी कीजिए बदलाव



हृदय रोग दुनियाभर में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक हैं, जिसका जोखिम भी पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ता हुआ देखा गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी उम्र के लोगों को हृदय की सेहत को लेकर अलर्ट रहने की आवश्यकता है। हालिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कम उम्र के लोगों में भी हृदय रोग और हार्ट अटैक के मामले देखे जा रहे हैं, जो निश्चित ही बड़े जोखिम की तरफ संकेत है। लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण हृदय की सेहत पर सबसे ज्यादा असर हो रहा है, कम उम्र से ही सभी लोगों को इसपर ध्यान देते रहने की आवश्यकता है।

अध्ययनों में पाया गया है कि आहार में गड़बड़ी के कारण हृदय रोग का जोखिम सबसे अधिक हो सकता है, शरीर में कुछ विटामिन्स और पोषक तत्वों की कमी के कारण भी इस रोग का खतरा बढ़ सकता है। हृदय रोगों के बढ़ते वैश्विक जोखिमों को लेकर लोगों को अलर्ट करने और बचाव के तरीकों के बारे में जागरूक करने के लिए हर साल 29 सितंबर को वर्ल्ड हार्ट डे मनाया जाता है। आइए जानते हैं कि किन विटामिन्स की कमी हृदय के लिए नुकसानदायक हो सकती है, जिसे आहार के माध्यम से प्राप्त करना बहुत आवश्यक है?

### हृदय को स्वस्थ रखने के लिए क्या करें?



हार्वर्ड टीएच चेन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के विशेषज्ञों ने बताया, हृदय रोग की रोकथाम के लिए सबसे जरूरी है कि आहार की पौष्टिकता का ध्यान रखा जाए। आहार में फलों और सब्जियों, साबुत अनाज, नट्स, मछली, पोल्ट्री जैसी चीजों को सेहत के लिए काफी लाभकारी पाया गया है।

### विटामिन-डी की कमी हो सकती है समस्याकारक

अध्ययनों से पता चलता है कि जिन लोगों में विटामिन-डी की कमी होती है उनमें दिल के दौरे, कंजेस्टिव हार्ट फेलियर, परिफेरल आर्टरी डिजीज और स्ट्रोक जैसी समस्याओं के विकसित होने का जोखिम अधिक हो सकती है। ये स्थिति उच्च रक्तचाप और मधुमेह के खतरे को भी बढ़ाने वाली हो सकती है जिससे हृदय की सेहत पर नकारात्मक असर हो सकता है। आहार में विटामिन-डी की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित किया जाना जरूरी है।

### विटामिन बी-12 पर भी ध्यान देना जरूरी

विटामिन डी की ही तरह शोधकर्ताओं ने पाया कि हृदय को स्वस्थ रखने के लिए विटामिन बी12 भी जरूरी है। इस



विटामिन की कमी कोरोनरी डिजीज, मायोकार्डियल इंफ्रक्शन, स्ट्रोक और अन्य संचार संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं के खतरे को बढ़ाने वाली हो सकती है। विटामिन बी-12 की कमी शरीर में कई और भी प्रकार के जोखिमों का कारक हो सकती है, आहार में इस विटामिन वाली चीजों को जरूर शामिल किया जाना चाहिए। शरीर में फोलेट की कमी से हृदय रोग (सीवीडी) का खतरा बढ़ सकती है। सीवीडी, हृदय या रक्त वाहिकाओं की बीमारियों को संदर्भित करती है। फोलेट की कमी की स्थिति में शरीर में आयरन की मात्रा कम होने लगती है।




## पहली बार करने जा रहें योगासन तो भूल से भी न करें ये गलतियां

योग सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। मानसिक और शारीरिक सेहत को बनाए रखने के लिए योगासन का नियमित अभ्यास करना चाहिए। योगाभ्यास हर उम्र के लोगों के लिए लाभकारी है। किसी भी तरह की बीमारी हो, योग से राहत दिलाती है। योग के महत्व को समझते हुए लोग आजकल यूट्यूब या ऑनलाइन वीडियो देखकर योगाभ्यास करने लगे हैं। लेकिन अगर आप पहली बार योगासन करने जा रहे हैं तो कुछ बातों को ध्यान में रखने की जरूरत है। योगाभ्यास करते समय कुछ बेसिक गलतियों के कारण योग का असर उल्टा पड़ सकता है। योग करते समय कुछ छोटी छोटी गलतियों से बचना चाहिए। इसलिए पहली बार योग करते समय इन बातों का खास ख्याल रखें।

### श्वास का ख्याल रखें

योग में श्वास की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पहली बार योगासन करने वाले लोग अगर किसी प्रशिक्षक के मार्गदर्शन के बिना योगासन कर रहे हैं तो उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि आसन करते समय कभी भी मुंह से सांस न लें। आसन में कब श्वास लेनी है और कब श्वास छोड़नी है,



इसका भी पता होना चाहिए।

### खाली पेट करें योग

पहली बार योग करने जा रहे हैं तो आपको ये पता होना चाहिए कि योग खाली पेट किया जाता है। नाश्ता या खाना खाने के बाद योगासन न करें। अगर सुबह योग करने का समय नहीं मिल पाता है तो ध्यान रखें कि जब भी योग करें, उससे कम से कम 3 घंटे पहले तक कुछ न खाया हो। वहीं योगासन करने के तुरंत बाद खाना मत खाएं। बल्कि शरीर को थोड़ा आराम दें फिर भोजन करें।

### योग के लिए कपड़े

योग करते समय आपको आरामदायक कपड़े पहनने चाहिए। टाइट कपड़े पहनने से शरीर की मांसपेशियों में खिंचाव व ऐंठन होने के दौरान कपड़े फटने का डर रहत है। वहीं तंग कपड़ों के कारण आप एकाग्रता के साथ योग पर ध्यान नहीं लगा पाते।

### वार्म अप करें

योग या वर्कआउट करने से पहले वार्म अप करना चाहिए। पहली बार योग कर रहे हैं तो आपको इस बात की जानकारी होनी चाहिए कि सीधे मैट पर बैठ कर आसन की मुद्रा नहीं लेनी है, बल्कि शरीर को सक्रिय करने के लिए पहले वार्म अप करना है।

### मुश्किल और गलत योग न करें

पहली बार योग करने जा रहे हैं तो साधारण और बेसिक योगासनों से शुरुआत करें। मुश्किल योगासन न करें, इससे आपको चोट लगने का खतरा भी हो सकता है। वहीं सही से जानें कि किसी योगाभ्यास के लिए सही आसन क्या है। गलत मुद्रा में न बैठें।



## पराठा खाकर बढ़ेगा नहीं बल्कि कम होगा वजन, इन टिप्स को करें फॉलो



जब भी हम वजन घटाने की कोशिश करते हैं, तो लोग हमें कई राय देते हैं। वेट लॉस के लिए क्या खाना चाहिए और क्या खाना छोड़ देना चाहिए, इस बारे में आपको बेशक बहुत जानकारी मिल जाएंगी लेकिन किसी भी जानकारी या टिप पर गौर करने से पहले आपको एक्सपर्ट की सलाह जरूर लेनी चाहिए। अक्सर वेट लॉस के लिए लोग घर के बने पराठों को पूरी तरह छोड़ देते हैं और फैंसी डाइट को फॉलो करने में लग जाते हैं। उनका ऐसा मानना होता है कि पराठा खाने से वजन बढ़ता है लेकिन क्या वाकई ऐसा है? क्या वाकई पराठा खाने से आपका वजन बढ़ सकता है, इस बार में एक्सपर्ट से जानते हैं। यह जानकारी डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट सिमरन कौर दे रही हैं।

### वजन कम करने के लिए ऐसे खाएं पराठा

एक्सपर्ट की मानें तो वजन घटाने के लिए पराठे को छोड़ना सही नहीं है। अगर आप इसे सही तरीके से बनाकर, सही मात्रा में सही समय पर खाती हैं, तो इससे वजन नहीं बढ़ेगा। पराठा बनाने के लिए अगर आप खूब सारे तेल का इस्तेमाल करती हैं, तो इससे बेशक वजन बढ़ सकता है। इसलिए पराठा रिफाइंड ऑयल में नहीं, बल्कि देसी घी या फिर रीजनल ऑयल में बनाएं और इसे भी अधिक मात्रा में न लगाएं। पराठे में आलू की स्टफिंग भरने के बजाय पनीर, टोफू और गोभी जैसी हेल्दी स्टफिंग ट्राई करें। इससे शरीर को प्रोटीन भी मिलेगा और वजन भी नहीं बढ़ेगा। पराठे को हमेशा लंच या ब्रेकफास्ट में खाएं। डिनर में पराठा अवॉइड करें क्योंकि इसमें रोटी से ज्यादा कैलोरी होती हैं। पराठे के साथ चटनी या फिर दही खाएं। इससे मील बैलेंस होता है।

### वेट लॉस करने के लिए एक्सपर्ट की सलाह

एक्सपर्ट के मुताबिकस वेट लॉस के लिए सिर्फ पराठा नहीं, बल्कि आप घर का बना कोई और खाना भी खा सकते हैं। घर के बने खाने से आमतौर पर वजन नहीं बढ़ता है। वेट गेन के पीछे पूरा कैलोरी इनटेक, लाइफस्टाइल और भी कई सारे फैक्टर होते हैं। ऐसे में बैलेंस मील लेने की कोशिश करें और लाइफस्टाइल को भी हेल्दी बनाएं।

## पाना चाहते हैं मनचाहा जीवनसाथी तो सोमवार के दिन करें ये उपाय



देवों के देव महादेव को बहुत दयालु माना जाता है। कहा जाता है कि शिवलिंग पर सिर्फ एक लोटा जल चढ़ाने से ही महादेव प्रसन्न हो जाते हैं और अपने भक्तों की सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं। शिव जी को प्रसन्न करने और उनकी कृपा पाने के लिए सोमवार का दिन सबसे उत्तम माना जाता है। इस दिन शिव जी के भक्त व्रत रखते हैं और विधि-विधान से पूजा करते हैं। कुंवारी लड़कियां भी मनचाहा जीवनसाथी पाने के लिए सोमवार के दिन व्रत रखती हैं। ज्योतिष शास्त्र में शिव जी से जुड़े ऐसे कई उपाय बताए गए हैं, जिससे न केवल मनचाहा जीवनसाथी मिलता है बल्कि हर मनोकामना भी पूरी होती है।

### चढ़ाएं केसर मिश्रित दूध

यदि आपके विवाह में देरी हो रही है तो सोमवार के दिन शिवलिंग पर केसर मिश्रित जल चढ़ाएं। इससे शिव जी प्रसन्न होते हैं और जल्द ही शुभ शादी के योग बनने लगते हैं।

### मनचाहा जीवनसाथी पाने उपाय

यदि आप मनचाहा जीवन साथी पाना चाहते हैं तो गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरितमानस में शिव-पार्वती विवाह के प्रसंग को सोमवार के दिन पढ़ें। साथ ही शिव जी से अच्छे जीवन साथी की कामना करें।

कार्नर न्यूज

वास्तु के नियमों से आप दूर कर सकते हैं मकान से जुड़ी परेशानियां

# अपने घर को किराए पर देने से पहले इन वास्तु टिप्स का रखें ध्यान, तनावमुक्त होकर बने रहेंगे मालिक

शहरी क्षेत्रों में मकान किराए पर देना बेहद आम बात है। ऐसे कई लोग होते हैं, जिनके पास अतिरिक्त प्रापर्टीज होती हैं। ऐसे में वे उसे किराए पर देना पसंद करते हैं, जिससे उनकी कुछ अतिरिक्त कमाई हो सके। साथ ही साथ, उनकी प्रापर्टी की देख-रेख करने वाला भी कोई हो। यकीनन यह एक बेहद अच्छा विचार है।

कई बार यह देखने में आता है कि किराए पर रहने के लिए जो भी व्यक्ति आता है, वह जल्द ही घर खाली कर देता है या फिर वह समय से किराया देने में समर्थ नहीं हो पाता है। ऐसा कई बार कुछ वास्तु दोष के कारण भी हो सकता है। लेकिन इससे मकान मालिक और किराएदार दोनों को ही परेशानी का सामना करना पड़ता है। आपके साथ यह समस्या ना हो, इसके लिए जरूरी है कि आप वास्तु के कुछ छोटे-छोटे नियमों को अपनाएं।

### मुख्य द्वार पर दें ध्यान

किसी भी घर में पॉजिटिविटी मेन गेट से ही आती है, इसलिए उस पर खासतौर पर ध्यान दिया जाना चाहिए। हमेशा कोशिश करें कि आपके घर का मुख्य द्वार सुंदर हो। आप उस पर समय-समय पर पॉलिश या पेंट जरूर करवाते रहें। इसके अलावा, मुख्य द्वार पर बन्दनवार भी लगाई जा सकती है। इससे घर में पॉजिटिविटी आती है और किराएदार व मकान मालिक के बीच के आपसी रिश्ते मधुर रहते हैं।



### करवाते रहें मेंटेनेंस

कई बार ऐसा होता है कि मकान मालिक अपने घर में पुरानी व टूटी-फूटी चीजें (घर की इन 4 चीजों को कभी न रखें खाली) एक तरफ रख देते हैं। उन्हें लगता है कि घर किराए पर देना है तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। जब आप अपने घर को किराए पर दे रहे हैं तो ऐसे में पुरानी व टूट-फूटी किसी चीज को वहां पर नहीं रखना चाहिए। इसके अलावा, अगर घर में कोई चीज टूटी या बेकार हो चुकी है तो उसे तुरंत रिपेयर करवा दें। अन्यथा इससे घर में नेगेटिविटी फैलने लगती है और इससे किराएदार को आर्थिक हानि भी हो सकती हैं।

### चेक करें पानी के नल

जब आप अपना घर किराए पर दे रहे हैं तो उससे पहले आपको बाथरूम व सभी पानी के नल जरूर चेक करने चाहिए। हमेशा यह सुनिश्चित करें कि आप जिस घर को किराए पर दे रहे हैं, उसमें पानी के नल लीक ना करते हों। अगर ऐसा होता है तो इससे किराएदार का ना केवल मन बैचेन रहता है, बल्कि उसे पैसों का नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। इतना ही नहीं, उसे बिजनेस या व्यापार में घाटा (व्यापार में आ रही बाधाओं के लिए ज्योतिष उपाय) हो सकता है या फिर उसकी नौकरी भी जा सकती है।

### अगर अपना घर दें किराए पर

कई बार ऐसा होता है कि लोग जिस घर में रहते हैं, उसी का कोई एक हिस्सा किराए पर देते हैं। अगर आप भी अपने घर के किसी पोर्शन को किराए पर दे रहे हैं तो इस बात का ध्यान रखें कि आप साउथ वेस्ट का हिस्सा अपने पास ही रखें। इसे कभी भी भूल से भी किराएदार को नहीं देना चाहिए, अन्यथा इससे उसके मालिक बनने के चांसेस काफी बढ़ जाते हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## रैपर लिल गिरफ्तारी और जेल की सजा पर बोले- काफी डरावने थे चार दिन



बीते दिनों रैपर लिल नैस एक्स को लॉस एंजेलिस पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। अब रैपर ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज किया है। रैपर और गायक लिल नैस एक्स को बीते कुछ दिन पहले वेंचुरा बुलेवार्ड पर अर्ध नग्न अवस्था में घूमने और लॉस एंजेलिस की पुलिस पर कथित तौर पर हमला करने के कारण गिरफ्तार कर लिया गया था। इस वजह से रैपर को जेल में डाल दिया गया था। इस मामले में अब रैपर को जमानत मिल गई है। जानिए जमानत के बाद क्या बोले लिल नैस एक्स। रैपर लिल नैस एक्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, ₹पिछले चार दिन बहुत डरावने रहे हैं।₹ इसके साथ ही आपको बताते चलें कि उन्होंने इस बारे में कोई विशेष जानकारी नहीं दी कि आखिर क्या हुआ था। वहीं उनके प्रतिनिधियों ने भी इस मामले पर कोई जवाब नहीं दिया है। रैपर जब अदालत में पेश हुए, तो उन्होंने पर खुद को निर्दोष बताया। उन्हें 75,000 अमेरिकी डॉलर की जमानत राशि के साथ बेल मिली। इसके साथ ही शर्त रखी गई है कि वह अपने नशे की आदत का ट्रीटमेंट कराएंगे। वहीं अब वह अपनी अगली सुनवाई से पहले 15 सितंबर को अदालत में पेश होंगे। अधिकारियों ने बताया कि लिल नैस एक्स लॉस एंजिल्स के सैन फर्नांडो वैली की सड़क पर नग्न अवस्था में घूम रहे थे। साथ ही उन्होंने पुलिस अधिकारियों पर हमला किया था। एक आपराधिक शिकायत में कहा गया है कि तीन अधिकारी घायल हुए हैं। इसके साथ ही रैपर पर एक पुलिस अधिकारी पर हमला करने और उन्हें घायल करने के तीन गंभीर अपराधों के साथ-साथ एक कार्यकारी अधिकारी का विरोध करने का भी आरोप लगाया गया है।

### टॉलीवुड

## इस एक्टर के खून का प्यासा बन गया था भाई, खाने में मिलाया जहर और किया काला जादू



साउथ और बॉलीवुड में ऐसे कई एक्टर्स रहे हैं, जिन्हें लोग उनके असली नाम से नहीं जानते है, पर चेहरा सामने आते ही उनके निभाए सारे किरदार और सीन्स जेहन में उभर आते हैं। जैसे कि इस एक्टर का चेहरा...इस देख आपको याद आ गया होगा कि इसने फिल्मी पर्दे पर विलेन बनकर कितनी दहशत मचाई थी। ये वही विलेन है, जिसने फिल्म 'नायक' में एक दिन से मुख्यमंत्री बने अनिल कपूर से टक्कर ली थी। इसने फिल्म में रंगा नाम के खूंखार विलेन का रोल निभाया था। इस एक्टर का नाम है पोन्नम्बलम, जिन्होंने साउथ ही नहीं, बल्कि बॉलीवुड में भी खूब काम किया। अपने करियर में 1500 के आसपास फिल्में करने वाले पोन्नम्बलम ने 'घातक', 'नायक', 'रक्षक' और 'क्रोध' जैसी फिल्में कीं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत फिल्मों में स्टंटमैन और एक्स्ट्रा के रूप में की थी। उन्होंने साउथ की भी कई फिल्मों में बतौर स्टंटमैन काम किया। चूंकि, उनके शरीर के किसी भी हिस्से में कभी कोई चोट या फ्रैक्चर नहीं हुआ था, इसलिए पोन्नम्बलम को लोग 'स्पेयर पार्ट्स' कहकर भी बुलाते थे। पोन्नम्बलम ने बाद में फिल्मों में विलेन की भूमिका निभानी शुरू कर दी। साथ ही वह डायरेक्टर भी बन गए थे। हालांकि, उनकी डायरेक्ट की कुछ फिल्में डिब्बाबंद हो गईं और किसी कारण बन नहीं पाईं। सबकुछ अच्छा चल रहा था, पर अचानक ही उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। पोन्नम्बलम की किडनी फेल हो गई। कहा जाने लगा था कि ज्यादा शराब पीने के कारण ऐसा हुआ, पर पोन्नम्बलम ने साल 2023 में एक इंटरव्यू में सनसनीखेज खुलासे किए और परिवार पर चौंकानेवाले आरोप लगाए।

### भोजपुरी

## खेसारी के नए गाने 'मरद बाड़ा कइसन' ने उड़ाया गर्दा, कुछ ही घंटो में 5 लाख से ज्यादा व्यूज



खेसारी लाल यादव का पिछला गाना 'गुलरी के फूल' सुपरहिट रहा था और अब उनका नया गाना 'मरद बाड़ा कइसन' इंटरनेट पर गर्दा उड़ा रहा है। इसे कुछ ही घंटों में लाखों बार देखा जा चुका है और फैंस क्रेजी हुए जा रहे हैं। भोजपुरी फिल्मों के स्टार खेसारी लाल यादव का मार्केट में नया गाना आया है, जिसने धमाल मचा दिया है। गाने को 17 घंटे में ही पांच लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है और फैंस भी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। इस गाने के बोल हैं 'मरद बाड़ा कइसन', जो एक रोमांटिक गाना है। खेसारी इस गाने में रक्षा गुप्ता के साथ रोमांस कर रहे हैं। खेसारी लाल यादव एक के बाद एक कई गाने रिलीज कर चुके हैं, जो अभी तक वायरल हैं। अब ये नया गाना भी वायरल हो रहा है।
'मरद बाड़ा कइसन' इसी नाम की एल्बम का गाना है, और इसे खेसारी लाल यादव ने ही गाया है। गाने के लिरिक्स विक्की बेदर्दी ने लिखे हैं और म्यूजिक आर्या शर्मा ने दिया है। गाने में खेसारी का आशिकाना अंदाज देखने को मिल रहा है, जिस पर भोजपुरी के फैंस दिल लुटा रहे हैं।
'मरद बाड़ा कइसन' का वीडियो देख एक फैन ने कमेंट किया है, 'भाई सुबह से इतनी बार सुन लिया हूं कि याद ही नहीं आ रहा कितना बार सुन चुका हूं।' एक ने लिखा, 'खेसारी भाई आपकी जोड़ी रक्षा गुप्ता के साथ मस्त लगती है।' एक का कमेंट है, 'लो एक और तगड़ा गाना आ गया। एकदम धांसू।' एक फैन बोला, 'लाजवाब गाना है भाई।'

## लाइफ स्टाइल

### इंद्रधनुषी जलवा

हाउते कॉउचर फ़ैशन वीक में कॉर्सेट और नए डिज़ाइन वाली ब्राइडल गाउन से लेकर इंद्रधनुषी छटा वाली ड्रेस बेहद चर्चा में रही। यहां फैशन के बदलते ट्रेंड को आसानी से देखा जा सकता है। सच पूछा जाए तो पेरिस की इस शाम ने फैशन में ट्रेंड तय करने वालों को निराश नहीं किया। यहां से लोगों ने नए नए आईडिया को अपनाने में देरी नहीं की।



## हाथ-पैर की बेजान त्वचा को चमकाएं घरेलू नुस्खे से

सितंबर महीने में कभी तो तेज धूप निकल रही है, कभी तेज बारिश हो रही है। बारिश के बाद होने वाली उमस की वजह से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इस परेशानी का सीधा असर लोगों की त्वचा पर दिखाई दे रहा है। बदलते मौसम की वजह से ही त्वचा पर रूखापन नजर आने लगा है। इसके साथ ही चेहरा काफी डल लगने लगा है। ऐसे में वापस से ग्लो पाने के लिए आप या तो पार्लर जाकर स्किन ट्रीटमेंट करा सकते हैं या फिर कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर वापस निखरती हुई त्वचा पा सकते हैं। बहुत से लोग पार्लर जाकर पैसे खर्च करने से कतराते हैं। ऐसे में आज के लेख में हम आपको त्वचा की डलनेस कम करने के लिए कुछ घरेलू तरीके बताने जा रहे हैं ताकि आपको निखरती हुई त्वचा पाने के लिए ज्यादा रुपये खर्च करने की जरूरत ना पड़े।

### नींबू का रस और शहद

इस पैक से आपकी त्वचा में निखार दिखने लगेगा। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस एक कटोरी में एक चम्मच ताजा नींबू का रस



निचोड़ना है और उसमें बराबर मात्रा में शहद डालकर मिलाना है। इस पेस्ट को आधे घंटे के लिए त्वचा पर लगाएं और फिर चेहरा धो लें। इससे चेहरे पर ब्राइटनेस आती है।

### दही और टमाटर

इन चीजों के इस्तेमाल से त्वचा की डलनेस काफी हद तक कम हो जाती है। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक टमाटर लें और उसका छिलका निकाल दें। अब इसमें 1-2 टेबलस्पून ताजा दही डालकर इसका पेस्ट बनाएं। इसको आप प्रभावित जगहों पर लगाकर निखरती त्वचा पा सकते हैं।

### हल्दी और बेसन

हल्दी और बेसन दोनों ही चीजें त्वचा के लिए काफी लाभदायक होती हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आप एक कटोरी में 1 चम्मच हल्दी लें और इसमें 1 कप बेसन मिला लें। अब इसमें पानी मिलाकर इसका पेस्ट बना लें। इस पेस्ट से अपने चेहरे पर 15 मिनट के लिए स्क्रब करें और फिर चेहरा धो लें।

### आलू का रस

आलू में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो त्वचा के लिए काफी लाभदायक होते हैं। इसके लिए आपको बस एक कच्चे आलू का रस निकालना है। रस निकालकर इसे रुई की मदद से चेहरे पर लगाएं और कुछ समय बाद चेहरे को धो लें।

## लुक को खूबसूरत बनाने इन एथनिक वियर के साथ पोटली बैग को अपनाएं



जब भी हम कुछ आउटफिट स्टाइल करते हैं तो इसके साथ हम कई तरह की एक्सेसरीज को स्टाइल करते हैं ताकि अपने लुक को परफेक्ट बना सके। इनमें से एक हैं बैग्स जिन्हें लड़कियां आउटफिट के साथ स्टाइल करना पसंद करती हैं। लेकिन इसमें भी आपको कई सारे डिजाइन मिल जाते हैं जो दिखने के साथ-साथ स्टाइल करने में भी अच्छे लगते हैं। अगर आपको भी बैग की अलग-अलग कलेक्शन रखना पसंद है तो इसके लिए आप यहां दिखाए गए पोटली डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके की पोटली एथनिक वियर के साथ काफी अच्छी लगेगी।

### पर्ल पोटली बैग डिजाइन



अगर आप किसी पार्टी में जा रही हैं और एथनिक आउटफिट वियर कर रही हैं तो इसके लिए सबसे बेस्ट है पर्ल डिजाइन वाला पोटली बैग। इस तरीके की पोटली बैग के डिजाइन आजकल काफी ट्रेंड में हैं। इसमें आपको अंदर की तरह कपड़े की पोटली मिलेगी और बाहर पर्ल से इसे कवर किया हुआ होगा। इसी के साथ इसकी डोरी में भी पर्ल मिलेंगे। इस तरीके के पोटली बैग आप लहंगे, साड़ी और सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। ये आपके लुक को क्लासी बनाते हैं साथ ही खूबसूरत लगते हैं। मार्केट से आप इन्हें 500 की रेंज में खरीद सकती हैं।

### हैंड वर्क पोटली बैग डिजाइन


कई सारी लड़कियां होती हैं जिन्हें हैंड वर्क वाली चीजें काफी पसंद होती है। ऐसे में आप इस तरीके के पोटली बैग (सिल्क पोटली डिजाइन) को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको हाथों से किया हुआ काम मिलेगा। जिसमें थ्रेड वर्क का इस्तेमाल किया होगा। आप इस तरीके के बैग को एथनिक वियर के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इनकी खास बात ये होती है कि इसमें की गई एम्ब्राइडरी कभी काली नहीं पड़ती है। बस आपको इस बात का ध्यान रखना होगा कि जब भी इसे वॉश करें तो मशीन का इस्तेमाल न करें। वरना ये खराब हो जाएगा। इस तरीके के बैग के डिजाइन आपको मार्केट में 250 से 500 की रेंज में मिल जाएंगे।

## हेल्दी स्किन पाने के लिए करें अखरोट का इस्तेमाल, इससे मिलेंगे कई फायदे

चेहरे की त्वचा का ख्याल रखने के लिए आपको रोजाना स्किन टाइप के हिसाब से रूटीन को फॉलो करना चाहिए और इसे जानने के लिए आप स्किन एक्सपर्ट की सलाह लें।
त्वचा को खूबसूरत और जवां रखने के लिए रोजाना समय-समय पर स्किन केयर करना बेहद जरूरी होता है। इसके अलावा त्वचा को हेल्दी रखने के लिए भी आपको एक्स्ट्रा केयर करने की आवश्कता होती है और इसके लिए हम अक्सर पार्लर जाकर कई तरीके के स्किन ट्रीटमेंट करवाते हैं। बता दें कि इन ट्रीटमेंट पर पैसे खर्च करने की जगह अब आप घर पर पड़े ड्राई फ्रूट्स जैसे कि अखरोट की मदद से चेहरे की देखभाल कर सकती हैं। ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू महेश्वरी का कहना है कि चेहरे पर अखरोट को लगाने से आपको कई फायदे मिल सकते हैं। हेल्दी स्किन पाने के लिए अखरोट, चावल का आटा और विटामिन-ई कैप्सूल का इस्तेमाल करें।

### चेहरे पर अखरोट लगाने के फायदे

अखरोट त्वचा में कसाव लाने और एजिंग साइंस को कम करने में मदद करता है। चेहरे की त्वचा



को ग्लोइंग बनाने में सहायता करता है।
चावल के आटे को चेहरे पर लगाने के फायदे
चावल का आटा चेहरे पर मौजूद झाइयों को कम करने में मदद करता है। एजिंग साइंस को कम करने से लेकर जवां त्वचा पाने में बेहद लाभदायक होता है।

### विटामिन-ई की कैप्सूल को चेहरे पर लगाने से क्या होता है?

यह त्वचा की अंदर मौजूद लेयर तक जाकर नमी पहुंचाने का काम करता है। साथ ही दाग-धब्बों के निशानों को कम करने में मदद करता है।

## आंखों की ठंडक और सूजन कम करने के लिए आजमाएं ये तरीका

क्या आपके साथ ऐसा हुआ है कि सुबह उठते ही आपको चेहरे के साथ-साथ आंखों में सूजन दिखने लगी हो? मात्र 2 टी बैग्स आपकी इस समस्या को कम करने में काफी मदद कर सकते हैं। मैं यदि रात को चावल खा लूं तो सुबह मेरे चेहरे और आंखों पर सूजन आ जाती है। इसी तरह हो सकता है कि किसी कारणवश आपकी आंखों में भी सूजन आ जाए। सुबह आप ऑफिस जाने के लिए तैयार हों और आंखों में पफी बैग्स बने हों, तो कितना खराब लगेगा। आंखों के नीचे बने ये बैग्स आमतौर पर खुद ही ठीक हो जाते हैं, लेकिन अगर आपको जल्दी कोई हल चाहिए, तो क्या करेंगे? क्या आपने कभी चाय पत्ती का इस्तेमाल करके देखा है? नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन की एक स्टडी में यह बात सामने आई है कि चायपत्ती में हीलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं जो कई कंडीशन्स को सुधारने और नियंत्रित करने में मदद कर सकती हैं।
यह एक ऐसा इंएक्सपेंसिव ऑप्शन है, जो बिना किसी नुकसान के आपकी आंखों के नीचे बने बैग्स को दूर करने में मदद करेगा। अगर आपकी आंखों में दर्द या जलन हो रही है या फिर आंखें थक चुकी हैं, तो भी टी बैग्स आपकी मदद कर सकते हैं। इस आर्टिकल में चलिए टी बैग्स



बेनिफिट्स जानने के साथ ही उन्हें अप्लाई करने का सही तरीका आपको बताएं। साथ ही जानें कि इन्हें किस वक्त लगाना ज्यादा बेहतर हो सकता है। ठंडे टी बैग्स आंखों पर लगाने के कई फायदे हैं। यह कोल्ड कंप्रेस की तरह का काम करता है। यह एक अफॉर्डेबल ट्रीटमेंट है, जिसकी मदद से आपके छोटे-मोटे कंसर्न्स दूर हो सकते हैं। आंखों में होने वाली रेडनेस, जलन, सूजन, पफीनेस आदि को दूर करने के लिए टी बैग्स का कोल्ड कंप्रेस काफी मदद करता है।

### कार्नर न्यूज

### आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक चाहिए तो अपनाएं ट्रेंडिंग ड्रेस

## ग्राफिक जींस और हवाईयन शर्ट को अपना रहे नौजवान जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग से मिलेगा स्टाइलिश और मिनिमल लुक

बात ऐसे फैशन की हो जो न सिर्फ पुरुषों के लिए हो और न ही सिर्फ महिलाओं के लिए बल्कि ये तो ऐसा फैशन हो जो जेंडर न्यूट्रल हो। तो क्या होगा...तो भी आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक बराबर मिलेगा। पक्की बात है, मगर कुछ खास टिप्स आजमाने के बाद। जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग ऐसी होती है जो किसी एक जेंडर को नहीं दिखाती है। बल्कि इसे किसी भी जेंडर के फैशन में शामिल किया जा सकता है। इसको आजमाने का आपने भी इरादा किया है तो चलिए खास टिप्स जान लीजिए-

### डबल स्लीव्स वाला फैशन

कुछ साल पहले तक ये फैशन काफी इन था। इसमें फुल स्लीव की टीशर्ट के ऊपर हाफ स्लीव टी शर्ट पहनी जाती थी। इसके साथ कार्गो का ढीला ढाला लुक काफी अच्छा लगता था। ये पूरा लुक भी जेंडर न्यूट्रल लुक है। इसको आप पहनिए और जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग अपनाइए। इसमें कोशिश कीजिए दोनों में से एक टी शर्ट डार्क कलर की तो एक टी शर्ट हलके रंग की हो। नीचे वाली हलके रंग में अच्छी लगेगी।




### ग्राफिक जींस भी तो हैं न

ग्राफिक जींस भी ऐसी होती हैं जो हर जेंडर पर सूट करती हैं। इसको कई बार लोग थोड़ी ढीली पहनते हैं और इसके साथ स्किनी जींस से लुक पूरा करते हैं। लेकिन ये टी शर्ट स्ट्रेट जींस के साथ भी बेहतरीन लगती हैं। लेकिन हां, इन टी शर्ट के साथ ब्लू जींस पहनकर आप ऊब चुके हैं तो आप ग्रे जींस भी चुन सकते हैं।ग्रे जींस के साथ हलके रंग की टी शर्ट ही नहीं डार्क कलर की टीशर्ट भी अच्छी लगती हैं। ग्राफिक का लुक आप खुद ही चुन सकते हैं। इस लुक पर फ्लोरोसेंट कलर वाली टीशर्ट भी अच्छी लगती हैं।इसलिए अगर अभी तक आप इन रंगों को पहनने से बचते थे तो अब ऐसा न कीजिए। अब इनको भी लुक में आराम से शामिल कीजिए।

### बरमूडा के साथ हवाईयन शर्ट

वो गोवा वाली शर्ट तो आपको याद ही होंगी, जो आपने खासतौर पर इस ट्रिप पर पहनी थीं। इस शर्ट को ही हवाईयन शर्ट कहते हैं। ये वही शर्ट है जो किसी एक जेंडर की बात नहीं कहती है बल्कि ये तो जेंडर न्यूट्रल होती हैं। इन शर्ट को आप बरमूडा के साथ पहनें। ये ड्रेस आप दोस्तों के साथ हैंगआउट करते हुए भी पहन सकते हैं और यूंहीं घर पर मस्ती करते हुए भी। ये काफी आरामदायक ड्रेस भी होती है। आप भी सालों से अंदर रखी अपनी हवाईयन शर्ट को अब पहनने के लिए निकाल लीजिए।

### कैनवास शूज भी हैं जेंडर न्यूट्रल

कैनवास शूज आपने खूब पहने होंगे लेकिन क्या आप जानते थे कि ये जेंडर न्यूट्रल हैं?नहीं न। लेकिन अब जान लीजिए। ये जूते किसी भी जेंडर के लुक को बेहतर कर देते हैं। ये ड्रेसिंग के हर लुक को भी बेहतर कर देते हैं। इसलिए जब भी आप कैजुअल लुक में तैयार हों तो इन जूतों को ही पहनें। बेहतरीन लुक के साथ ये आरामदायक भी होते हैं।

### ओवरसाइज कपड़े

ओवरसाइज कपड़े आजकल का फैशन है। ये भी जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग का ही हिस्सा हैं। इसमें आपका फिगर पूरी तरह से छुप जाता है और आप फेमिनिन या मस्कुलिन वाले खांचे में फिट आते ही नहीं हैं। इसके लिए आप चाहें तो प्लेन शर्ट पहनें या फिर डार्क कलर की शर्ट को ढीली पैंट्स के साथ पहनें। इसके साथ स्नीकर का लुक काफी अच्छा लगेगा।

